


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र




जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने संविलियन विद्यालय जोया का किया पेज: 3

प्रियंका चोपड़ा ने फहाद फासिल की तेलुगु फिल्म 'डोंट पेज: 8


वर्ष : 02 | अंक : 190 | बुधवार 14 अक्टूबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## बीजेपी नेता मरांडी का आरोप... कांग्रेस और कॉकरोच एक ही हैं, दोनों अंधेरे में पनपते

रांची (एजेंसी)। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई हिंसक झड़प के 24 घंटे बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर तीखा हमला है। भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और कॉकरोच एक ही हैं, दोनों अंधेरे में पनपते हैं और देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाते हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा के शांतिपूर्ण विरोध पर पथराव करना कांग्रेस की बढ़ती हताशा को दिखाता है। बीजेपी नेता मरांडी ने आरोप लगाया कि पवित्र नवरात्र के मौके पर जब पूरा देश भक्ति में लीन है, तब कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल सड़कों पर उपद्रव मचाकर सांस्कृतिक आस्था पर आघात कर रहे हैं। जमशेदपुर की घटना का जिक्र उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा कार्यकर्ता केवल कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक विरोध कर रहे थे, जिसके जवाब में कांग्रेसियों ने पत्थरबाजी की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश रचने का भी गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद से कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जैसी निष्पक्ष संस्थाओं पर दबाव बनाने और समाज को बांटने के लिए नकारात्मक माहौल तैयार कर रही है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अनुच्छेद 370 हटाने और माओवाद को समाप्त करने जैसी ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। मरांडी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से धैर्य बनाए रखकर विपक्ष के अराजक रवैये को जनता के सामने बेनकाब करने का आह्वान किया।

## वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह ने तेजस में भरी अपनी अंतिम लड़ाकू उड़ान, 31 अक्टूबर को हो रहे सेवानिवृत्त

जोधपुर (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस में अपनी अंतिम लड़ाकू उड़ान भरी। आगामी 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे वायुसेना प्रमुख की उड़ान को भारतीय वायुसेना ने उनके अनुकरणीय नेतृत्व, अदम्य साहस और पेशेवर प्रतिबद्धता का सर्वोच्च प्रतीक बताया है। वायुसेना ने इस ऐतिहासिक उड़ान का वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, जिसमें एयर चीफ मार्शल मित्र देशों के विमानों और सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के साथ आसमान की ऊंचाइयों को छूते नजर आ रहे हैं। भारत में ही विकसित तेजस विमान में नौसेना व वायुसेना की शक्ति और आत्मनिर्भरता का संदेश निहित है। वायुसेना प्रमुख की यह उड़ान न केवल एक शीर्ष पायलट के गौरवशाली करियर का प्रतीक है, बल्कि स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता के प्रति भारतीय वायुसेना के अटूट विश्वास को भी मजबूती से रेखांकित करती है।

## शहीद एएसआई इकबाल सिंह के परिवार को 2 करोड़ की मदद : पंजाब सरकार और एचडीएफसी बैंक ने की घोषणा


तरनतारन (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तरनतारन जिले में कर्तव्य के दौरान शहीद हुए पंजाब पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) इकबाल सिंह के परिजनों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। एएसआई सिंह की अपने घर लौटते समय अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शहीद जवान की बहादुरी और जज्बे को नमन कर कहा कि दुख की इस घड़ी में पंजाब सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। इसी क्रम में, पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने जानकारी दी कि सरकार की ओर से दी जाने वाली एक करोड़ रुपये की सहायता के अलावा, एचडीएफसी (एचडीएफसी) बैंक पुलिस कल्याण बीमा कवर के तहत परिवार को एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त बीमा राशि प्रदान करेगा। इस प्रकार शहीद के परिजनों को कुल दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि शहीद इकबाल सिंह को पूरे राजकीय एवं पुलिस सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी और उनके कातिलों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एटीएस अफसर बन बुजुर्ग किसान को किया डिजिटल अरेस्ट, 1.31 करोड़ कराए ट्रांसफर

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में जालसाजों ने मुंबई पुलिस और एटीएस के अधिकारी बनकर एक किसान से 1.31 करोड़ रुपए ठग लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पहलगाम आतंकवादी हमले के एक आरोपी को धन अंतरित करने का आरोप लगाते हुए किसान को डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। पुलिस के मुताबिक किसान को 2 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक डिजिटल अरेस्ट में रखा गया और इस दौरान ठगों ने व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के जरिये उसे धमकाया और कई बैंक खातों में रुपए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया।

# पावर टू कंट्रोल से आगे पावर टू एम्पावर की सोच के साथ आगे बढ़ रहा भारत: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली:** दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में टेक्नोलॉजी, डेटा, ज्ञान और नवाचार ही शक्ति के नए स्रोत हैं, लेकिन असली सवाल यह है कि इस शक्ति का इस्तेमाल किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण पावर टू कंट्रोल से आगे पावर टू एम्पावर का है। भारत अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल केवल अपनी प्रगति के लिए नहीं, बल्कि दुनिया और मानवता के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए कर रहा है। भारत में पहली बार हुआ ब्लूमबर्ग इकोनॉमी फोरम प्रधानमंत्री मोदी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम के भारत में पहली बार आयोजित होने का स्वागत करते हुए माइकल ब्लूमबर्ग और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह मंच हर साल दुनिया के बेहतरीन दिमागों को एक साथ लाता है, जहां अर्थव्यवस्था, टेक्नोलॉजी, ऊर्जा और वैश्विक मामलों पर चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि भारत में इस आयोजन का होना सही समय पर सही जगह का चयन है। टेक्नोलॉजी और डेटा बन रहे शक्ति के नए स्रोत पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि



21वीं सदी के तीसरे दशक में शक्ति की परिभाषा तेजी से बदल रही है। आज टेक्नोलॉजी, डेटा, ज्ञान और इनोवेशन शक्ति के प्रमुख स्रोत हैं। ऐसे में सवाल यह नहीं है कि शक्ति किसके पास है, बल्कि यह है कि उसका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्या टेक्नोलॉजी केवल कुछ लोगों को आगे बढ़ाएगी या करोड़ों लोगों के लिए नए अवसर पैदा करेगी? क्या ज्ञान कुछ लोगों की ताकत बना रहेगा या सभी की क्षमता बढ़ाएगा? इसी सोच से पावर टू एम्पावर का विचार सामने आता है। भारत की परंपरा में शक्ति के सही इस्तेमाल पर जोर प्रधानमंत्री ने संस्कृत के एक श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान, धन और शक्ति जिसके पास भी हो, उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य के लिए किया जाता है, यही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शक्ति का वास्तविक मूल्य उस-के उद्देश्य में है। उन्होंने कहा कि पावर टू एम्पावर का मानवीय भाव भारत के लिए नया नहीं है। हजारों वर्षों की भारतीय परंपरा ने शक्ति का इस्तेमाल दूसरों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए करने की सीख दी है और भारत ने इसे अपनी शासन व्यवस्था तथा कार्यसंस्कृति में लागू करके दिखाया है। डिजिटल शक्ति ने जोड़े अवसर प्रधानमंत्री ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि देश में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचार पत्र और प्रकाशन तथा 1,000 से अधिक सैटेलाइट टीवी चैनल हैं। सोशल मीडिया के दौर में भारत में 500 मिलियन से अधिक यूट्यूब और

**■प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस समझौते के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 2015 में भारत ने 2030 तक अपनी स्थापित बिजली....**

500 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम यूजर्स हैं। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग मुद्दों और विचारों पर खुलकर बहस होती है और इसमें डिजिटल पावर की बड़ी भूमिका है। 12-13 साल पहले मोबाइल और इंटरनेट तक पहुंच खुद एक शक्ति थी, लेकिन 2014 के बाद भारत ने मोबाइल डेटा को किफायती बनाने पर जोर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि छोटे शहर का विद्यार्थी डिजिटल लर्निंग से जुड़ सका, गांव का दुकानदार नए ग्राहकों तक पहुंच सका और युवा ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि भारत में कनेक्टि-विटी ने केवल लोगों को नहीं जोड़ा, बल्कि अवसरों को भी जोड़ा है। यही पावर टू एम्पावर है। डिजिटल पेमेंट ने बढ़ाया वित्तीय समावेशन प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश से आए प्रतिनिधियों से भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश में एक स्ट्रीट वेंडर और बड़े कार शोरूम का कारोबार और पैमाना भले अलग हो, लेकिन दोनों एक ही डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने इसे समावेशी टेक्नोलॉजी की ताकत बताते हुए कहा कि भारत अपनी डिजिटल क्षमताओं को केवल देश तक सीमित नहीं रख रहा है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुभव दूसरे देशों के साथ साझा किए जा रहे हैं, ताकि वे अपनी जरूरतों के अनुसार डिजिटल सिस्टम विकसित कर सकें। भारत की डिजिटल क्षमता दुनिया के लिए भी उपयोगी पीएम नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 के दौरान विकसित किए गए कोविन प्लेटफॉर्म का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यह ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म था और भारत का लगातार प्रयास है कि उसकी क्षमताएं दूसरे देशों के लिए भी नई संभावनाओं के दरवाजे खोलें। उन्होंने कहा कि भारत का सामर्थ्य मानवता को सशक्त करने वाला होना चाहिए।

## शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने दिया इस्तीफा

**-पार्टी पर हिंदुत्व और बालासाहेब की विचारधारा से भटकने का आरोप**

**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के प्रमुख उत्तर भारतीय चेहरे और विधायक आदित्य ठाकरे के करीबी राष्ट्रीय प्रवक्ता आनंद दुबे ने अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे पार्टी के अपनी मूल हिंदुत्व विचारधारा से दूर जाने और कांग्रेस के साथ बढ़ती राजनीतिक नजदीकियों को मुख्य वजह बताया है। पार्टी छोड़ने के बाद आनंद दुबे ने कहा कि स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना का गठन कट्टर हिंदुत्व, मराठी अस्मिता और मजबूत राष्ट्रवाद के आधार पर हुआ था। हालांकि, मौजूदा समय में शिवसेना (यूबीटी) की राजनीतिक दिशा और उनकी व्यक्तिगत वैचारिक प्रतिबद्धताओं के बीच गहरा मतभेद पैदा हो गया है, जिससे पार्टी का पक्ष रखना असंभव हो गया था।



दुबे ने कांग्रेस और राहुल गांधी के प्रति पार्टी के झुकाव पर सीधा सवाल उठाकर कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी पार्टी की मूल वैचारिक पहचान की कीमत पर नहीं होने चाहिए। उन्होंने उद्योगपतियों को लेकर पार्टी के दोहरे रवैये की आलोचना की और कहा कि देश में निवेश व रोजगार पैदा करने वाले उद्योगपतियों का मूल्यांकन निष्पक्ष होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का विरोध केवल नीतिगत मुद्दों पर होना चाहिए, न कि निराधार व्यक्तिगत आधार पर होना चाहिए। इस इस्तीफे को मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के उत्तर भारतीय वोट बैंक के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

# अल नीनो के प्रभाव के बीच दक्षिण भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून की दस्तक

**बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो रहा नया मौसमी सिस्टम**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई के साथ ही मौसमी चक्र में बदलाव का दौर शुरू हुआ है। बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) विकसित होने और उत्तर-पूर्वी मानसून के आगमन से दक्षिण भारत के विभिन्न हिस्सों में बारिश की गतिविधियां तेजी से बढ़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस नए मौसमी तंत्र के प्रभाव से तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में अच्छी वर्षा हो सकती है। हालांकि, त्यौहारी सीजन के दौरान देश भर में व्यापक और भारी बारिश की अफवाहों को खारिज कर आईएमडी ने साफ किया है कि अक्टूबर में औसत वर्षा सामान्य या उससे कम रहने का ही अनुमान है। उत्तर-पूर्वी मानसून, जो कि शीतकालीन मानसून भी कहा जाता है, मुख्य रूप से देश के दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को प्रभावित करता



है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच होने वाली वर्षा दक्षिण भारत की कृषि, जलाशय भराव और जलापूर्ति के दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जाती है। दूसरी तरफ, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो वैश्विक मौसम प्रणाली को प्रभावित करता है और आमतौर पर भारत में मानसून की वर्षा को कमजोर करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, इसका असर स्थानीय समुद्री और वायुमंडलीय परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आईएमडी ने त्यौहारी सीजन में यात्रा करने वालों और सार्वजनिक आयोजनों के आयोजकों को सलाह दी है कि वे भ्रामक जानकारियों से बचें और अपने स्थानीय जिला स्तर के मौसम पूर्वानुमानों पर नजर रखें। दशहरे से लेकर दीपावली के बीच अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज भिन्न हो सकता है, जहां कुछ तटीय इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है, वहीं देश के अधिकांश अंदरूनी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है।

## मोदी पर टिप्पणी मामले में राहुल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल पर लगाई रोक

**-बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी, चार सप्ताह में मांगा जवाब**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने राहत प्रदान की है। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपारेश कुमार सिंह की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें मानहानि की शिकायत को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। अदालत ने संबंधित पक्षों से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।
यह मामला राहुल गांधी की उन कथित टिप्पणियों से जुड़ा है, जिनमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कथित तौर पर 'चोरों का सरदार' और 'कमांडर-इन-थीफ' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन टिप्पणियों से प्रधानमंत्री के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी और उसके सदस्यों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। मामले की



शुरुआत बीजेपी कार्यकर्ता महेश श्रीश्रीमाल की शिकायत से हुई थी। उन्होंने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मजिस्ट्रेट ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को समन जारी किया था।
राहुल गांधी ने समन को चुनौती देते हुए दलील दी थी कि शिकायत सुनवाई योग्य नहीं है। उनका कहना था कि उन्होंने अपनी टिप्पणी में किसी निश्चित व्यक्ति या पहचान योग्य वर्ग का नाम नहीं लिया था। ऐसे में किसी स्पष्ट पीड़ित व्यक्ति या समूह के अभाव में शिकायतकर्ता को मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं बनता।
**हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप से किया था इनकार**
बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि शिकायतकर्ता दो दशकों से बीजेपी का सक्रिय सदस्य होने का दावा करता है। विवादित टिप्पणी और शिकायत के तथ्यों को देखते हुए शुरुआती चरण में यह नहीं कहा जा सकता कि बयान केवल पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व तक सीमित था। टिप्पणी का वास्तविक आशय और पार्टी सदस्यों पर उसका प्रभाव ट्रायल के दौरान तय किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश में हस्तक्षेप करने का आधार नहीं पाया था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में शशि थरूर से जुड़े एक मामले का भी उल्लेख किया था। उस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि पंजीकृत राजनीतिक पार्टी एक पहचान योग्य और निश्चित संस्था हो सकती है।
राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के आठ सितंबर के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शीर्ष अदालत ने अब इस याचिका पर संबंधित पक्षों से जवाब तलब करते हुए ट्रायल पर रोक लगा दी है। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई और पक्षकारों के जवाब पर निर्भर करेगी।

## बीजेपी की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात, कांग्रेस सांसद को बर्खास्त करने की मांग

**कांग्रेस और गांधी परिवार का पूरा संरक्षण**


**नई दिल्ली , एजेंसी।**
कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर लगे यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व प्रोफेसर और मणिपुर से सांसद अकोइजम को हाल ही में इन आरोपों के चलते विश्वविद्यालय से बर्खास्त किया गया था। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान बीजेपी महिला सांसदों ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उन्हें लोकसभा से बर्खास्त करने की मांग की। बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष और सांसद रूप कुमारी चौधरी ने बताया कि आरोपी सांसद को कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का पूरा संरक्षण हासिल है, इसकारण शिकायत करने वाली छात्राएं डरी हुई हैं। प्रतिनिधिमंडल



ने राष्ट्रपति से पीड़ित छात्राओं को तत्काल सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने की गुहार लगाई। रूप कुमारी चौधरी के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संवेदनशील मामले पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस प्रतिनिधिमंडल में सांसद डी. पुरंदेश्वरी और दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज सहित कई अन्य महिला जनप्रतिनिधि शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि इस मुलाकात से एक दिन पहले बीजेपी महिला मोर्चा ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय और हिमाचल प्रदेश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया था। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों में कांग्रेस से अकोइजम को निष्कासित करने की मांग की गई थी। दिल्ली पुलिस पहले ही मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

# राहुल और दीपके के प्रदर्शनों से परेशान भाजपा कर रही बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली की सड़कों पर 6 अक्टूबर से ही प्रदर्शनों का माहौल है, जिनके केंद्र में चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर प्रक्रिया हैं। इन प्रदर्शनों की अगुवाई अभिजीत दीपके की कॉकरोच जनता पार्टी और कांग्रेस जैसे दल कर रहे हैं। इन सभी की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ लगातार हलचल जारी है। खबरें हैं कि इन प्रदर्शनों से निपटने के लिए भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सरकार बड़ी तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी प्रदर्शकारियों से बात करने की कोशिश के लिए तैयार है, जिनमें छात्र और युवा भी शामिल हैं। हालांकि, इसे लेकर सरकार ने आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। संभावनाएं जताई जा रहीं हैं कि भाजपा मौजूदा हालात से निपटने के लिए कई तरह की रणनीतियों पर काम कर रही है, हालांकि पार्टी ने औपचारिक रूप से अगले कदम को लेकर कोई घोषणा नहीं की है।
भाजपा ने दिल्ली के मौजूदा हालात से राजनीतिक रूप से निपटने की तैयारी की है। इस दौरान उसके निशाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी बताए जा रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर किसी भाजपा नेता ने सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। बताया जा रहा है कि भाजपा चुनाव आयोग से जुड़े मामलों की एक फैक्ट शीट प्रदर्शित करने की तैयारी कर रही है।
सूत्रों ने इस संबंध में कहा है कि देश का कानून स्पष्ट है और सभी पर समान रूप से लागू होता है। सरकार इसके प्रावधानों को ही लागू कर रही है कि सभी काम तय प्रक्रिया के तहत ही होने चाहिए। इनमें सड़कों पर प्रदर्शन और चुनाव आयुक्त को हटाए जाने का सवाल भी शामिल है, जिसे सिर्फ महाभियोग के जरिए ही किया जा सकता है। पार्टी के एक सूत्र ने यह भी बताया कि एक ओर जहां चुनाव आयोग ने एसआईआर के मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है, वहीं सरकार ने नई दिल्ली के संवेदनशील इलाकों से प्रदर्शनकारियों को हटाने में संयम दिखाया है। इस दौरान आपराधिक या कानूनी कार्रवाई जैसे उपाय नहीं किए गए और लोगों के प्रदर्शन के अधिकारों और कानून व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया। सूत्र ने यह भी कहा कि अगर सरकार लोगों के विरोध के अधिकार के खिलाफ होती, तो रामलीला मैदान जैसी जगह प्रदर्शन के लिए नहीं देती, जहां सड़कों पर नाराजगी जाहिर कर रहे एक वर्ग के चलते जनता को परेशानी नहीं होती। इस बीच, बीते सप्ताह से विपक्षी गठबंधन दिल्ली में प्रदर्शन कर रहा है।



अब संभावनाएं जताई जा रहीं हैं कि मंगलवार को इस पर कुछ समय के लिए विराम लग सकता है। एक नेता ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट तक सफल मार्च और याचिका दाखिल करने के बाद मंगलवार को नए मार्च या प्रदर्शन की जरूरत नहीं है।

# संपादकीय

## ट्रंप के भ्रम

इसमें दो राय नहीं कि कथित रूप से विश्व की महाशक्ति कहलाने वाले अमेरिका के भ्रम भी बड़े हैं। ह्यजिसकी लाठी उसकी भैंसह्न की तर्ज पर दुनिया को हांकने वाले ट्रंप द्वारा रूसी डीजल खरीदने के निर्णय ने अमेरिका को एक बार फिर दुनिया में बेनकाब किया है। यह विडंबना है कि रूसी तेल खरीदने पर ट्रंप ने भारत पर पच्चीस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। अब वही ट्रंप जब घरेलू राजनीति की मुश्किलों में घिरे तो उन्होंने यूक्रेन युद्ध की तमाम नैतिक दलीलें ताक पर रख अब रूस से डीजल खरीदने का फैसला कर लिया। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि पिछले दिनों ट्रंप ने एक ऐसे कानून को मंजूरी दी थी, जिसमें भारत व चीन के रूस से कच्चा तेल खरीदने पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का प्रावधान था। ये अमेरिका के दोहरे चरित्र को ही उजागर करता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका की तमाम नीतियां ह्यअमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर खत्म हो जाती हैं।ह्न ह्यपल में तोला, पल में माशाह्न वाले ट्रंप के बयानों पर विश्वास करना मुश्किल होता है। कब वे अपनी पहली बात से मुकर जाएं, कहना कठिन है। उनके भ्रामक बयानों ने पूरी दुनिया में अमेरिका की विश्वसनीयता को रसातल में पहुंचा दिया है। ट्रंप पहले दलील देते रहे हैं कि रूस से पेट्रोलियम पदार्थों को खरीदने का मतलब है कि यूक्रेनियों के संहार के लिये संसाधन उपलब्ध कराना। अब जब अमेरिका रूस से डीजल खरीदेगा तो क्या उससे रूस की आक्रामकता को बढ़ावा नहीं मिलेगा? लगातार यूक्रेन के समर्थन में बयानबाजी करने वाले ट्रंप ने अब डीजल खरीदने के लिये ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर बड़ा हमला बोला है। अब वे उन्हें शांति के रास्ते में बाधक बता रहे हैं। ट्रंप ने यहां तक कह दिया है कि अब यूक्रेन को अपना राष्ट्रपति बदल लेना चाहिए। उनके इस बयान से दुनिया व नाटो में खलबली मच गई है। यानी ट्रंप अमेरिकी डीजल जरूरतों के लिये यूक्रेन पर युद्ध खत्म कराने के लिये दबाव बना रहे हैं। दरअसल, ट्रंप की रूस से तेल खरीदने की नीति में आए बदलाव की असली वजह अगले माह अमेरिका में होने वाले चुनाव हैं।

# चिंतन-मनन

## उत्सव है बुद्धत्व

बुद्धत्व मौलिक रूप से प्रांति है, विद्रोह है, बगावत है। काशी के पंडितों की सभा प्रमाणपत्र थोड़े ही देगी बुद्ध को! बुद्धपुरुष तुम्हें पोप की पदवियों पर नहीं मिलेंगे और न शंकराचार्यों की पदवियों पर मिलेंगे। क्योंकि ये तो परंपराएं हैं। और परंपरा में जो आदमी सफल होता है, वह मुर्दा हो तो ही सफल हो पाता है। परंपरा के द्वारा पद पाना सिर्फ मुर्दों के भाग्य में हैं, जीवंत लोगों के नहीं। यह सौभाग्य है जीवितों का और मुर्दों का दुर्भाग्य! इसलिए तुम कैसे पहचानोगे? और पूरी पहचान का तुम विचार ही मत करना। क्योंकि तुम पूरा पहचानोगे तो तुम बुद्ध हो जाओगे और तुम बुद्ध होते तो पहचानने की जरूरत न थी। तुम नहीं हो, इसीलिए तो पहचानने चले हो।

इसलिए पूरे-पूरे का खयाल मत करना। छोटा सा टुकड़ा चांदनी का तैर आए तुम्हारे पास, तो बहुत धन्यभाग! अहोभाग! तुम उतने ही पर भरोसा करना। उस चांदनी के टुकड़े को पकड़ कर अगर बढ़ते रहे, चलते रहे, तो किसी दिन पूरे चांद के भी मालिक हो जाओगे। किसी दिन पूरा आकाश भी तुम्हारा हो जाएगा। तुम्हारा है; लेकिन अभी तुम्हें पहुंचना नहीं आया, चलना नहीं आया। अभी तुम घुटने के बल चलते हुए छोटे बच्चे की भांति हो। अभी तुम्हें चलने का अभ्यास करना है।

तो संत उदास नहीं होंगे। बुद्धपुरुष उदास नहीं होंगे। जिनको तुम देखते हो मंदिरों-मस्जिदों में बैठे गुरु-गंभीर लोग, लंबे चेहरों वाले लोग, बुद्धपुरुष वैसे नहीं होंगे। बुद्धपुरुष तो उत्सव है। बुद्धपुरुष तो ऐसा है जिसमें अस्तित्व के कमल खिल गए। बुद्धपुरुष गंभीर नहीं। बुद्धपुरुष के पास तो मृदुहास मिलेगा। हल्की-हल्की हंसी। एक मुस्कुराहट। एक स्मित। एक उत्सव। एक आनंदभाव। तो तुम्हारी आंसुओं से भरी आंखों और कारागृह में दबे चित्त के पास अगर तुम्हें कभी कोई एक स्मित, एक हास, एक उत्सव की झलक भी आ जाए, तो छोड़ा मत उन चरणों को। उन्हीं के सहारे तुम परममुक्ति और स्वातंत्र्य के आकाश तक पहुंच जाओगे। अब तक तो तुम्हारी पहचान पतझड़ से थी। तुम्हारा जीवन राग आंसुओं और रुदन से भरा था। तुमने जीवन का कोई और अहोभाव का क्षण जाना नहीं था। नरक ही नरक जाना था। जिस क्षण किसी व्यक्ति के पास तुम्हें लगे- हवा का झोंका आया- स्वच्छ, ताजा, मलयाचल से चलकर, पहाड़ों से उतर कर तुम्हारी घाटियों में, तुम्हारे अंधेरे में- हवा का ऐसा झोंका जिसके पास अनुभव में हो जाए, समझना बुद्धत्व करीब है। कुछ घटा है।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

**9456884327/8218179552**

# ई-कचरा: आधुनिक युग की एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती



सुनील कुमार महला

आज विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान और तकनीक के इस दौर में मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, चार्जर, बैटरी, प्रिंटर और अन्य विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन जब ये उपकरण पुराने हो जाते हैं या काम करना बंद कर देते हैं, तो इनसे ई-कचरा पैदा होता है। गौरतलब है कि खराब मोबाइल फोन के अलावा पुराने ईयरफोन, यूएसबी केबल, रिमोट, खिलौने, छोटे पंखे और बिजली से चलने वाले अन्य उपकरण भी ई-कचरे में शामिल हैं। आज धरती पर ई-कचरे की मात्रा लगातार बढ़ रही है और यह पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। कहना गलत नहीं होगा कि यदि इन उपकरणों का समय पर सही तरीके से निपटान नहीं किया जाए, तो ये मिट्टी, पानी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि पुराने और बेकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निपटान, पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ई-कचरा दिवस मनाया जाता है। वास्तव में, इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि पुराने मोबाइल, छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, केबल और बैटरी को सामान्य कूड़े में फेंकने के बजाय उचित संग्रह केंद्रों तक पहुँचाना चाहिए, ताकि उनका सुरक्षित पुनर्चक्रण किया जा सके। इस दिवस की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई थी। इसकी शुरूआत अपशिष्ट विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम ने की थी। वास्तव में, यह एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है, जो विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित प्रबंधन और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस संगठन की स्थापना वर्ष 2002 में बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में हुई थी।

हाल फिलहाल, इसमें कोई संदेह या दोराय नहीं है कि विज्ञान और तकनीक ने हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इनसे जुड़े उपकरणों का गलत तरीके से निपटान पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। इलेक्ट्रॉनिक कचरे में सीसा और पारा जैसे हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं, जो मिट्टी और पानी को दूषित कर सकते हैं। दूसरी ओर, इसी कचरे में सोना, तांबा और एल्युमीनियम जैसी कीमती धातुएँ तथा कई उपयोगी पदार्थ भी पाए जाते हैं, लेकिन इन पदार्थों को पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा प्राप्त किया जा सकता है। इससे जहां एक ओर प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है, वहीं पर नए कच्चे माल(रा-मैटिरियल) की आवश्यकता कम होती है। ई-कचरे को खुले में जलाने या असुरक्षित तरीके से तोड़ने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचता है। इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अधिकृत संग्रह केंद्रों या पंजीकृत पुनर्चक्रणकताओं तक पहुँचाए और मनुष्यों, अन्य जीवों तथा प्रकृति के स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान दे।

**ई-कचरे की स्थिति:- विश्व और भारत-**

संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर रिपोर्ट-2024 के अनुसार, वर्ष 2022 में दुनिया भर में लगभग 62 मिलियन टन यानी 6.2 करोड़ टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति औसतन 7.8 किलोग्राम ई-कचरा पैदा हुआ। चिंताजनक बात यह है कि कुल ई-कचरे में से केवल 22.3 प्रतिशत का ही औपचारिक रूप से संग्रह और पुनर्चक्रण किया गया। शेष लगभग 77.7 प्रतिशत ई-कचरे का उचित प्रबंधन नहीं हो सका और उसका बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्रों या कचरा भराव स्थलों तक पहुँच गया। इतना ही नहीं, आज हमारा देश भारत भी ई-कचरे की समस्या से गंभीर रूप से प्रभावित है। दुनिया में चीन और अमेरिका के बाद भारत को ई-कचरा उत्पन्न करने वाले प्रमुख देशों में तीसरे स्थान पर बताया जाता है। भारत में ई-कचरे की मात्रा के संबंध में लगभग 4.5 मिलियन टन यानी 45 लाख टन प्रतिवर्ष का आँकड़ा सामने आया है। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में ई-कचरे का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले कबाड़ी और अन्य लोगों द्वारा संसाधित किया जाता है। उपलब्ध अनुमानों में यह हिस्सा लगभग 80 से 90 प्रतिशत तक बताया गया है। इस काम में सुरक्षा के उचित उपाय नहीं अपनाए जाने पर काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है। ई-कचरे की बढ़ती मात्रा इस समस्या को और गंभीर बना रही है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2010 से 2022 के बीच ई-कचरे में हुई वृद्धि की दर उसके औपचारिक संग्रह और पुनर्चक्रण की वृद्धि दर से लगभग पाँच गुना अधिक रही। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर-2024 के अनुमान के अनुसार, यदि यही स्थिति बनी रही, तो वर्ष 2030 तक दुनिया में ई-कचरे की मात्रा बढ़कर लगभग 82 मिलियन टन यानी 8.2 करोड़ टन प्रतिवर्ष हो सकती है।

**ई-कचरा कम करने के लिए क्या करें?**

भारत जैसे तेजी से डिजिटल होते देश में मोबाइल फोन, कंप्यूटर, घरेलू उपकरणों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इसलिए ई-कचरे को केवल सफाई की समस्या मानना उचित नहीं है। यह पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों की बचत, जनस्वास्थ्य और जिम्मेदारी के साथ उपभोग करने से जुड़ा विषय है। वास्तव में, ई-कचरे को कम करने के लिए हमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए।

# वोट चोरी के आरोप:राजनीतिक अस्थिरता फैलाने का षडयंत्र



मनोज कुमार अग्रवाल

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देश भर में और दिल्ली में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का दौर अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है।मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और कथित तौर पर योग्य मतदाताओं के नाम सूची से हटाने को लेकर विवाद है।सोमवार को इंडिया ब्लाक ने कनाटपलेस से सुप्रीम कोर्ट तक एक विरोध मार्च भी निकाला और चीफ जस्टिस से मिलने का प्रयास किया चीफ जस्टिस ने मामला अदालत में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए इस पर अदालत से बाहर मिलना चर्चा करना न्यायिक मयार्दा के खिलाफ बताया।

चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा पिछले कुछ महीनों में एसआइआर प्रक्रिया से जुड़े फैसलों पर आपत्ति जताए जाने की खबरें सामने आई थीं।विपक्ष और विभिन्न संगठन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

इंडिया ब्लॉक द्वारा संसद से सुप्रीम कोर्ट तक विरोध मार्च निकाला गया है, जिसमें राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए हैं।

दिल्ली में संसद भवन और जंतर-मंतर के पास ठरवक तथा अन्य संगठनों ने प्रदर्शन किया, जिसके बाद कई कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

मुंबई के शिवाजी पार्क और अन्य हिस्सों में भी आदित्य ठाकरे और अमित ठाकरे सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और समूहों ने प्रदर्शन किया है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया और नए कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में को वारंटो याचिका भी दायर की गई है।

बढ़ते विरोध के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कुछ चुनावी दौरे स्थगित किए गए हैं और चुनाव आयोग के अधिकारियों की सुरक्षा बढ़ाई गई है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर जिस तरह आक्रामकता दिखा रहा है वह लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन करने जैसा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के त्यागपत्र की मांग को लेकर धरना व रोष प्रदर्शन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी और इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा एसआईआर के विरोध में निकाला रोष प्रदर्शन और वोट चोरी का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति से मिलकर ज्ञानेश कुमार विरुद्ध कारवाई की मांग करने के बीच देश के 124 पूर्व आई.ए.एस., आई.एफ.एस. व आई.पी.एस. तथा अन्य सेवाओं से जुड़े अधिकारियों ने भी देश के जनसाधारण के नाम एक खुला पत्र लिखा है जिस में चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन निरीक्षण का समर्थन किया गया है। पत्र में उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का आकलन राजनीतिक जुड़ाव के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी चुनाव आयोग के तहत केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में हार का सामना किया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा अपना पूर्ण बहुमत खो बैठी थी। उस समय चुनावी प्रक्रिया पर जीतने वाले पक्ष ने कोई शिकायत नहीं की थी। भारत सरकार के पूर्व सचिवों, राजदूतों, पुलिस महानिदेशकों, राज्य के मुख्य सचिवों और आयकर विभाग के पूर्व महानिदेशकों समेत इन उच्च पदस्थ रहे अधिकारियों ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में गलतियों को सुधारा जाना चाहिए लेकिन इससे एसआइआर की वैधता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। एसआइआर का उद्देश्य अपात्र मतदाताओं को हटाना है। इस प्रक्रिया में कुछ असुविधा हो सकती है, लेकिन यह भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

बूथों पर कब्जे, मतपेटियों में अपने पक्ष में मतपत्र ठूंसने और चुनावी हिंसा के दौर से भारत के बदलाव का जिक्र करते हुए अधिकारियों ने कहा कि आज की चुनावी व्यवस्था में कई स्तरों पर जांच और सुरक्षा उपाय हैं। इनमें मतदान एजेंट, ईवीएम को सील करना, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और वीवीपैट से सत्यापन शामिल हैं। उन्होंने पिछले साल बिहार विधानसभा चुनाव का हवाला दिया, जिसमें दोबारा मतदान की नौबत नहीं आई और 1951 के बाद सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया।


पूर्व अधिकारियों ने एसआइआर को मतदाता सूची को दुरुस्त करने और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने की आवश्यक प्रक्रिया बताया। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं और सात लाख दोहरी प्रविष्टियों की पहचान की गई।

पूर्व अधिकारियों ने कहा- हम किसी दल से नहीं जुड़े हैं। हम इसलिए पत्र लिख रहे हैं, क्योंकि बिना पर्याप्त सुबूतों के चुनावों को बार-बार धांधलीपूर्ण बताने से लोकतंत्र के प्रति जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआइआर किसी को मतदाता सूची से बाहर करने का हथियार नहीं है। मसौदा मतदाता सूची अस्थायी होती है और इसमें नाम न होने का मतलब नाम काटा जाना नहीं है। नोटिस और सुनवाई के बिना किसी का नाम नहीं हटाया जाता। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र उन लोगों से कमजोर होता है, जो बिना सुबूत के पॉलीटिकल नैरेटिव गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ तौर पर चुनावी व्यवस्था के जरिये लोगों द्वारा खारिज किए जाने के बाद प्रासंगिक बने रहने की कोशिश है।

गौरतलब है कि इससे पूर्व 42 पूर्व न्यायाधीशों ने चुनाव आयोग के समर्थन में खुला पत्र लिखा था। सीजेपी और विपक्षी दलों के नेता देश की व्यवस्था को कमजोर करने व देश की साख व छवि को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, यह देश हित में नहीं है। एक लोकतांत्रिक सरकार जो देश के संविधान अनुसार काम कर रही है उसके प्रति भ्रम व भ्रांतिया पैदा करना लोकतंत्र के हित में नहीं है। विपक्षी दलों को जहां अपनी कमजोरियों के लेकर आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है, वहीं भाजपा व मोदी सरकार की नीतियों से भी सीखने की आवश्यकता है। विपक्षी दल जिस तरह देश में एक नकारात्मक राजनीति माहौल बनाकर स्थापित सरकार व व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है, उससे देश में अराजकता का माहौल बनेगा जो आम आदमी सहित किसी के भी हित में नहीं होगा।

सरकार की नीतियों का विरोध करना विपक्षी दलों का अधिकार है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करना जिसके वह स्वयं एक महत्वपूर्ण अंश हैं, अनुचित है। धरने व प्रदर्शन विपक्षी दलों की हताशा को दशार्ते ही हैं, साथ में जन साधारण की रोजमर्रा की जिंदगी में भी अनेक प्रकार की बाधाएं पैदा करते हैं। भीड़तंत्र को लोकतंत्र पर हावी नहीं होने दिया जा सकता। अगर ऐसा होता है तो यह स्थिति अराजकता वाली ही होगी तथा जिस की लाठी उसकी भैंस वाली जंगल राज स्थापित होगा, भारत विरोधी शायद यही चाहते हैं। सवाल यह है कि काकरोच पार्टी को आगे कर क्या विदेशों से संचालित भारत विरोधी ताकतें भारत में राजनीतिक अस्थिरता फैला कर भारत को कमजोर करने के मंसूबे को कामयाब करने की कोशिश कर रहे हैं और विपक्षी दल इस मे सहयोगी बन कर अपने हाथ धोने की कोशिश कर रहा है। यह बेहद शर्मनाक और खतरनाक अजेंडा है इस को हर कीमत पर नकारना होगा।

# आन्दोलन वही, जो सार्थक मुद्दा, दिशा एवं भरोसे से जुड़ा हो



लोकतंत्र में असहमति उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। सरकार से सवाल पूछना, नीतियों का विरोध करना और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना नागरिक स्वतंत्रता का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा केवल इस बात से नहीं होती कि विरोध करने की कितनी स्वतंत्रता है, बल्कि इससे भी होती है कि उस स्वतंत्रता का उपयोग किस उद्देश्य, किस भाषा और किस पद्धति से किया जा रहा है। किसी आंदोलन का मुद्दा कितना ही महत्त्वपूर्ण क्यों न हो, यदि उसका नेतृत्व दिशाहीन हो जाए, भाषा उत्तेजक बन जाए और पद्धति हिंसा अथवा अराजकता की ओर बढ़ने लगे, तो उसका नैतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए आज देश के सामने प्रश्न केवल आंदोलनों का नहीं, बल्कि उनके चरित्र, विश्वसनीयता और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का भी है। दिल्ली में हाल के विरोध प्रदर्शनों और उन पर प्रशासन की सख्ती के बाद सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने एक बार फिर लोकतंत्र की सीमाओं और संभावनाओं पर बहस छेड़ दी है। एक ओर शांतिपूर्ण विरोध नागरिकों का अधिकार है, तो दूसरी ओर सार्वजनिक व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना शासन का दायित्व है। इन दोनों के बीच संतुलन ही संवैधानिक लोकतंत्र की पहचान है। न तो सरकार को कानून-व्यवस्था के नाम पर नागरिक स्वतंत्रताओं के अनावश्यक दमन की छूट दी जा सकती है और न ही आंदोलनकारियों को लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ में सार्वजनिक जीवन को बाधित करने का असीमित अधिकार प्राप्त है। संविधान अधिकार देता है, लेकिन उन अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व भी जोड़ता है।

आज सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि जनांदोलनों की दिशा कौन तय कर रहा है? क्या आंदोलन वास्तव में जनसमस्याओं के समाधान के लिए खड़े हो रहे हैं, अथवा जनता के असंतोष को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का साधन बनाया जा रहा है? यह प्रश्न किसी एक दल या संगठन तक सीमित नहीं है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सामाजिक संगठन हों या जनसमूह, सभी को अपने आचरण की कसौटी संविधान, नैतिकता और जनहित को बनाना चाहिए। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वह सरकार की नीतियों पर सवाल उठाता है, कमियों को सामने लाता है और जनहित के मुद्दों को राजनीतिक विमर्श में स्थान देता है। लेकिन विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना भी है। यदि हर असहमति को सत्ता के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष में बदलने का प्रयास किया जाए, हर प्रशासनिक निर्णय को राजनीतिक षड्यंत्र बताया जाए और प्रत्येक जनसमस्या को व्यापक अव्यवस्था का प्रतीक बना दिया जाए, तो वास्तविक मुद्दे शोर में खोने लगते हैं। इसी तरह सरकार भी यदि आलोचना को शत्रुता समझने लगे, तो लोकतांत्रिक संवाद की संभावनाएं संकुचित हो जाती हैं।

आंदोलन की साख उसके मूल उद्देश्य एवं भरोसे से बनती है। जिस मुद्दे को लेकर लोग एकत्र होते हैं, उसकी स्पष्टता, तथ्यात्मक प्रामाणिकता और समाधान की दिशा आंदोलन की विश्वसनीयता निर्धारित करती है। जब मूल प्रश्न पीछे छूट जाता है और राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा, व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं अथवा वैचारिक टकराव केंद्र में आ जाते हैं, तब आंदोलन की ऊर्जा बिखरने लगती है। जनसमर्थन जुटाना और जनविश्वास अर्जित करना दो अलग-अलग बातें हैं। भीड़ किसी क्षणिक आक्रोश का परिणाम हो सकती है, लेकिन जनविश्वास निरंतर नैतिक आचरण और रचनात्मक कार्यों से अर्जित होता है। भारत का लोकतांत्रिक इतिहास इस संदर्भ में अनेक महत्त्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। वर्ष 1974 का छात्र आंदोलन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण का नेतृत्व बताता है कि जनाक्रोश को रचनात्मक परिवर्तन की शक्ति में कैसे बदला जा सकता है। बिहार के छात्रों ने भ्रष्टाचार, महंगाई और शासन संबंधी समस्याओं के विरुद्ध आवाज उठाई थी। जयप्रकाश नारायण ने इस असंतोष को व्यापक सामाजिक और राजनीतिक सुधारों की दिशा देने का प्रयास किया।

आज के आंदोलनों को इस ऐतिहासिक अनुभव से सीखना चाहिए। किसी भी आंदोलन की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि कितनी सड़कें बंद हुईं, कितने लोग एकत्र हुए या कितने दिनों तक विरोध चला। उसकी सफलता का वास्तविक पैमाना यह होना चाहिए कि उसने किस समस्या का समाधान प्रस्तुत किया, जनजीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन लाया और समाज में संवैधानिक चेतना को कितना मजबूत किया। वर्तमान समय में इंटरनेट मीडिया ने जनमत निर्माण की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है। अब कोई घटना कुछ ही मिनटों में व्यापक बहस का विषय बन सकती है। यह लोकतंत्र के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि इससे आम नागरिकों को अपनी बात रखने और प्रशासन से जवाब मांगने का मंच मिला है। लेकिन यही माध्यम भ्रामक सूचनाओं, अधूरे तथ्यों, भावनात्मक अभियानों और अपुष्ट आरोपों को भी तेजी से प्रसारित कर सकता है।

हैशटैग, वायरल वीडियो और ऑनलाइन समर्थन अपने आप में किसी आंदोलन की नैतिक प्रामाणिकता का प्रमाण नहीं हैं। किसी आरोप की गंभीरता का निर्धारण उसके प्रमाणों से होना चाहिए, उसकी लोकप्रियता से नहीं। यदि आंदोलनकारी तथ्यों की पुष्टि किए बिना आरोप लगाते हैं, तो वे अपने ही उद्देश्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसी प्रकार प्रशासन का दायित्व है कि वह आलोचनात्मक आवाजों को केवल इसलिए संदिग्ध न माने कि वे सरकार के विरुद्ध हैं। पारदर्शिता, तथ्यपरक संवाद और निष्पक्ष जांच ही अविश्वास को दूर करने के प्रभावी उपाय हैं। आज युवाओं के पास डिजिटल तकनीक, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक सहभागिता के अनेक अवसर हैं। उनकी ऊर्जा केवल विरोध तक सीमित न रहे, बल्कि समाधान निर्माण में भी लगे। भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन हो तो पारदर्शिता के व्यावहारिक उपाय सामने आएं, चुनावी सुधारों की मांग हो तो प्रमाण आधारित सुझाव प्रस्तुत किए जाएं, प्रशासनिक अन्याय का प्रश्न हो तो कानूनी और संस्थागत रास्तों को मजबूत किया जाए। विरोध की सार्थकता तब बढ़ती है, जब वह किसी बेहतर व्यवस्था की कल्पना और निर्माण का आधार बनता है।

जनांदोलनों के संदर्भ में विदेशी शक्तियों की भूमिका पर भी चर्चा होती रही है। यह स्वाभाविक है कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में राष्ट्रीय हितों, बाहरी प्रभावों और सूचना के प्रवाह को लेकर सतर्कता बरती जाए। लेकिन इस विषय पर भी भावनाओं अथवा आशंकाओं के बजाय प्रमाणों के आधार पर बात होनी चाहिए। किसी आंदोलन में सरकार की आलोचना होने मात्र से उसे विदेशी षड्यंत्र का हिस्सा नहीं कहा जा सकता। उसी प्रकार यदि किसी गतिविधि में विदेशी वित्तपोषण, भ्रामक प्रचार अथवा अनुचित हस्तक्षेप के विश्वसनीय प्रमाण मिलते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा केवल कठोर प्रशासनिक कार्रवाई से नहीं होती। वह नागरिकों के विश्वास, संस्थाओं की निष्पक्षता, न्याय की उपलब्धता और शासन की पारदर्शिता से मजबूत होती है। देश की आलोचना और देश के प्रति शत्रुता में अंतर समझना आवश्यक है। सरकार की किसी नीति का विरोध करना राष्ट्रविरोध नहीं है, जैसे राष्ट्रीय हित की चिंता करना किसी नागरिक की लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को सीमित करने का औचित्य नहीं बन सकता।

अंततः लोकतंत्र की शक्ति न तो केवल सत्ता में निहित है और न ही केवल सड़क पर उतरने वाली भीड़ में। उसकी वास्तविक शक्ति नागरिक विवेक, संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और समाज की संवाद करने की क्षमता में है। किसी भी आंदोलन को स्वयं से तीन प्रश्न अवश्य पूछने चाहिए-क्या हमारा मुद्दा तथ्यपरक और जनहितकारी है? क्या हमारी पद्धति लोकतांत्रिक और अहिंसक है? क्या हमारे प्रयास से समस्या का समाधान निकलेगा या समाज में विभाजन और अविश्वास बढ़ेगा? केवल मुद्दा सही होना पर्याप्त नहीं है, उसके लिए सही नेतृत्व, सही भाषा, सही पद्धति और सही लक्ष्य भी आवश्यक हैं। आंदोलन का उद्देश्य केवल किसी व्यवस्था को चुनौती देना नहीं, बल्कि उससे बेहतर व्यवस्था के निर्माण में योगदान करना होना चाहिए। जो आंदोलन समाज को विवेक, अनुशासन, न्याय और रचनात्मकता की दिशा देता है, वही इतिहास में स्थायी स्थान प्राप्त करता है। भारत का भविष्य ऐसे ही लोकतांत्रिक चिंतन में सुरक्षित है, जहां असहमति को सम्मान मिले, सत्ता जवाबदेह रहे, विपक्ष रचनात्मक बने और राष्ट्रहित का अर्थ नागरिक स्वतंत्रता तथा संवैधानिक मयार्दा के समन्वय में खोजा जाए।

अमरोहा
बुधवार 14 अक्टूबर 2026
www.sabkasapna.com

# अमरोहा

हिंदी दैनिक
सब का सपना 3

## मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा 5 की छात्रा सना बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

*गुलामपुर में बालिका सशक्तीकरण की अनूठी पहल, विद्यालय की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण*



**रहरा/अमरोहा (सब का सपना):-** मंगलवार को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में मिशन शक्ति अभियान के विशेष चरण-6 के अंतर्गत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत कक्षा 5 की छात्रा सना को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनाया गया। सना ने प्रधानाध्यापक पद का कार्यभार संभालते हुए विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यालय से संबंधित कार्यों को समझा। विद्यालय स्टाफ को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक एवं महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारियों से परिचित कराना, उनमें निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना तथा उन्हें भविष्य में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनी सना ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को परखा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस गतिविधि से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि बेटियां भी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, योग्यता और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकती हैं। कहा कि जब बेटियां कमान संभालेंगी तभी देश का मान बढ़ेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष अंजू, सहायक अध्यापक अमित कुमार,अजय सागर, राशिद अली, संतराम सिंह, रसोईयां राजवती, लीलावती, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

## ओवरलोड ई-रिक्शा देख रुके डीएम, जांच में चार स्कूली वाहनों पर 79 हजार रुपये का जुमार्ना

*अमरोहा-जोया मार्ग पर जिलाधिकारी ने मौके पर रुककर की जांच, चार वाहनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने और निरुद्ध करने के निर्देश*





**स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, ओवरलोड वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई:- जिलाधिकारी**

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने मंगलवार को निरीक्षण से वापस लौटते समय अमरोहा-जोया मार्ग पर कचहरी मोड़ के निकट स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाकर ले जा रहे एक ई-रिक्शा को देखकर तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर ही स्थिति का जायजा लिया। ई-रिक्शा में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी मौके पर ही कुछ देर रुके और मार्ग से गुजरने वाले अन्य स्कूली वाहनों की भी जांच की। इस दौरान अन्य वाहनों को भी रोककर उनकी स्थिति एवं बच्चों के परिवहन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। जांच में निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं क्षमता से संबंधित अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं का परिवहन कर रहे एक टाटा मैजिक, एक फोर्स क्रूजर तथा दो बैटरी ई-रिक्शा सहित कुल चार वाहनों में अनियमितताएं पाई गईं। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित चारों वाहनों पर कुल 79 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जिलाधिकारी ने चारों वाहनों के प्रकरण में संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नियमानुसार वाहनों को निरुद्ध करने तथा अन्य विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की प्रक्रिया के निर्देश दिए। परिवहन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि स्कूली छात्र-छात्राओं का परिवहन निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। ई-रिक्शा अथवा ऐसे अन्य वाहनों से स्कूली बच्चों का परिवहन नहीं किया जाना चाहिए, जिनमें यह नियमानुसार अनुमन्य न हो या जो निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते हों। इसके अतिरिक्त, किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाना नियमों का उल्लंघन है तथा इससे बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। जनपद के समस्त विद्यालय प्रबंधकों, स्कूली वाहन संचालकों एवं वाहन स्वामियों से अपेक्षा की गई है कि वे लागू परिवहन नियमों एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। वाहनों के आवश्यक प्रपत्र, परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, बीमा एवं अन्य वैधानिक अभिलेख अद्यतन रखें तथा निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही छात्र-छात्राओं का परिवहन करें। परिवहन विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आकस्मिक चेकिंग अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर प्रवर्तन एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार मिश्रा तथा यात्री/मालकर अधिकारी सुधीर कुमार सिंह सहित संबंधित को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने संविलियन विद्यालय जोया का किया औचक निरीक्षण, शिक्षक के रूप में बच्चों से पूछे शैक्षिक एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न

*निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आने के दिए निर्देश, सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को चॉकलेट देकर किया प्रोत्साहित*






**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने संविलियन विद्यालय जोया का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों के अनुशासन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षिक एवं सामान्य ज्ञान संबंधी जानकारी परखी और कक्षा में उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं निर्धारित यूनिफॉर्म की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सभी विद्यार्थियों का निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आना सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय में अनुशासन एवं निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रूप से कराया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों से गणित के सवाल हल कराने के साथ-साथ भारत के राष्ट्रपति तथा विभिन्न राज्यों की राजधानियों के नाम भी पूछे। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उन्होंने चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।जिलाधिकारी ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने, अनुशासन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सहित संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे।

## धनौरा सीएचसी में सुरक्षा, मानदेय वृद्धि और स्थायीकरण को लेकर आशा कार्यकताओं का प्रदर्शन,अपनी मांगों को लेकर उठाई आवाज



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के मंडी धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को अपनी सुरक्षा, मानदेय वृद्धि और स्थायीकरण को लेकर आशा कार्यकताओं ने आवाज उठाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सेवा शर्तों में सुधार ,ड्यूटी के समय सुरक्षा तथा मानदेय में वृद्धि और विभाग में स्थाई करने की शासन प्रशासन से मांग रखी। बता दें कि प्रदर्शन के दौरान संगठन की नेता सुमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आशा कार्यकताओं के काम का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है। रात में या आपातकालीन स्थिति में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं जिससे उन्हें जोखिम उठाना पड़ता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि दुर्घटना होने पर स्वास्थ्य विभाग से जिम्मेदारी लेने और पीड़ित कार्यकर्ता को बीमा व मुआवजा देने की मांग की गई। संगठन की नेताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित रूप से आश्वासन नहीं मिलता तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान मौके पर संगठन की वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं में मीना, पूनम, अनीता ,तनुजा ,रेखा ,राजवती, मधु ,आशा देवी ,परमिता, सुमन देवी, अखिलेश त्यागी ,कुशल त्यागी, आसमां, रुखसाना, शबनम ,विशेष, उर्मिला,कुसुम, रीना, संतोष ,मनीषा, कंचन, सुदेश, सरला ,नीरू मोदी, लीलावती, केशव, कृष्णा, लता, मनजीत, मनोज , प्रवीण ,वीरवती ,ज्योति, प्रीति, इरम, मिथिलेश, अर्चना ,लक्ष्मी और रविता सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंक वाले विभाग कारणों का विश्लेषण कर तत्काल सुधार करें:- जिलाधिकारी

*खराब प्रगति वाले विभाग कारण चिन्हित कर रैंकिंग में करें सुधार:- जिलाधिकारी*




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रसारित विभागों की रैंकिंग की विशेष समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खराब रैंक वाले विभागों के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि खराब रैंकिंग के कारणों का गंभीरता से विश्लेषण कर तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंक कम है उनको नोटिस जारी किए जाएं। इसके साथ ही खराब प्रगति के कारणों तथा उसे ठीक करने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी समीक्षा से पूर्व प्रत्येक विभाग अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें और सीएम डैशबोर्ड पर फीड होने वाले समस्त आंकड़ों को समयबद्ध एवं सटीक रूप में अपडेट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय प्रदर्शन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा विकास कार्यों की प्रगति में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंकिंग एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर जनपद के कार्यों का मूल्यांकन मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के आधार पर किया जाता है, इसलिए सभी विभाग पूर्ण उत्तरदायित्व एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समीक्षा के दौरान विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, लोक शिकायत आदि की रैंक खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमाकांत सागर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धनौरा क्षेत्र में उधारी के पैसे मांगने पर युवक के साथ मारपीट का मामला, दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र में एक युवक के साथ उधारी के पैसे मांगने पर लाठी डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। उधारी के पैसे मांगने पर दबंगों ने युवक को लाठी डंडों से इस कदर पीटा कि दबंगों को उसे मरा समान छोड़कर भागना पड़ा। घटना के बाद घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद अमरोहा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दें कि पूरा मामला थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा का है जहां सोमवार की देर रात उधार के पैसे मांगने गए सलमान पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावर उसे मरा समझकर भाग गए। घायल सलमान को अमरोहा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मोहल्ला कटरा निवासी सलमान (पुत्र शाहबुद्दीन) अपने उधार के पैसे लेने सौरभ (पुत्र विजेंद्र) के घर गया था। पैसे मांगने पर सौरभ और उसके साथी भड़क गए। सलमान के भाई सलीम मलिक ने बताया कि सौरभ, अजय, विजेंद्र और अन्य साथियों ने मिलकर सलमान पर हमला किया। घायल सलमान को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल अमरोहा रेफर किया गया। उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है।शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।सलमान के भाई सलीम ने आरोप लगाया कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद अमरोहा।

पत्रांक : **01** /2026(यातायात सीसीटीवी) दिनांक: अक्टूबर **11**, 2026

अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्या: डीटी-51(1)2025/421 दिनांक 12.08.2026 के द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में आवंटित बजट के सापेक्ष यातायात प्रबन्धन हेतु जनपद अमरोहा के 04 चौराहों/तिराहों (02 चौराहों व 02 तिराहों) पर निर्धारित शर्तों के अधीन सीसीटीवी कैमरा मय सहवर्ती उपकरणों का क्रय एवं अधिष्ठापन किये जाने हेतु जैम पोर्टल पर ई-निविदा आमंत्रित की गयी है। जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी पुलिस लाइन अमरोहा से प्राप्त की जा सकती है:-

| क्र. सं. | उपकरण का नाम व संख्या | कुल धनराशि | जैम निविदा संख्या | GeM Portal पर निविदा अपलोड की तिथि | निविदा में प्रतिभाग की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद के चौराहों / तिराहों पर सीसीटीवी कैमरों का क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु | 12,10,743/- | GEM/2026/B/8141530 | 09.10.2026 | 19.10.2026 को 18.00 बजे | 20.10.2026 को 18.00 बजे |

**पुलिस अधीक्षक अमरोहा।**

### ग्राम पंचायत बागड़पुर कलाँ विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 13.10.2026

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बागड़पुर कलाँ विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.10.2026 से 20.10.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 20.10.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम०एम० बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम०एम० ईंट रोड़ी | घन मी० | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150 | प्रति नग/हजार | |
| 7 | ईंट बालवार एम-275 | प्रति नग/हजार | |
| 8 | इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम० | प्रति नग/हजार | |
| 9 | इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम० | प्रति नग/हजार | |
| 10 | पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत | प्रति नग/यूनिट | |
| 11 | पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत | प्रति नग/यूनिट | |
| 12 | दीवार टाईल्स | वर्ग मीटर | |
| 13 | फर्श टाईल्स | वर्ग मीटर | |
| 14 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 15 | लोहे की एंगल/पाईप | प्रति कुन्तल | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुन्तल | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 18 | मिट्टी टूरी सहित | घन मी० | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग | |
| 20 | सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 22 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |
| 23 | सेमेन्टरी सामग्री | प्रति नग/वर्गमी० | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी० | |
| 26 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 27 | सी०सी० डेस्क बेंच | प्रति नग | |
| 28 | डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत | प्रति नग | |
| 29 | कूड़ा गाडी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग | |
| 30 | सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति किलो/पैकेट | |
| 31 | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति ली० | |
| 32 | डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि | प्रति किलो | |
| 33 | पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 34 | हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 35 | हैण्डपम्प रिबोर सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 36 | प्लाई एवं माईका | प्रति वर्ग फुट | |
| 37 | आर०सी०सी० पाईप/हूमपाईप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 38 | वाटर कूलर आर०ओ० सहित | प्रति नग | |
| 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति फुट | |
| 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 41 | प्लम्बिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 42 | ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत | प्रति नग | |
| 43 | इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 44 | लोहे का गेट व खिड़की | प्रति नग | |

**नोट-01**-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
**02**- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

**ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत बागड़पुर कलाँ विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा** — **सचिव, बागड़पुर कलाँ विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा**

### ग्राम पंचायत जमनाखास विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 13.10.2026

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमनाखास विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.10.2026 से 20.10.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 20.10.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम०एम० बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम०एम० ईंट रोड़ी | घन मी० | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150 | प्रति नग/हजार | |
| 7 | ईंट बालवार एम-275 | प्रति नग/हजार | |
| 8 | इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम० | प्रति नग/हजार | |
| 9 | इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम० | प्रति नग/हजार | |
| 10 | पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत | प्रति नग/यूनिट | |
| 11 | पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत | प्रति नग/यूनिट | |
| 12 | दीवार टाईल्स | वर्ग मीटर | |
| 13 | फर्श टाईल्स | वर्ग मीटर | |
| 14 | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 15 | लोहे की एंगल/पाईप | प्रति कुन्तल | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुन्तल | |
| 17 | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 18 | मिट्टी टूरी सहित | घन मी० | |
| 19 | लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग | |
| 20 | सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 22 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |
| 23 | सेमेन्टरी सामग्री | प्रति नग/वर्गमी० | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी० | |
| 26 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 27 | सी०सी० डेस्क बेंच | प्रति नग | |
| 28 | डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत | प्रति नग | |
| 29 | कूड़ा गाडी/ठेली एवं सफाई किट | प्रति नग | |
| 30 | सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं | प्रति किलो/पैकेट | |
| 31 | प्राईमर लोहा लकड़ी | प्रति ली० | |
| 32 | डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि | प्रति किलो | |
| 33 | पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 34 | हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 35 | हैण्डपम्प रिबोर सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 36 | प्लाई एवं माईका | प्रति वर्ग फुट | |
| 37 | आर०सी०सी० पाईप/हूमपाईप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 38 | वाटर कूलर आर०ओ० सहित | प्रति नग | |
| 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति फुट | |
| 40 | इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 41 | प्लम्बिंग सामग्री | प्रति नग | |
| 42 | ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत | प्रति नग | |
| 43 | इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 44 | लोहे का गेट व खिड़की | प्रति नग | |

**नोट-01**-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
**02**- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

**ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत जमनाखास विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा** — **सचिव, जमनाखास विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा**

# एडीएम सत्यप्रिय सिंह ने स्वयं हंसिया चलाकर की धान की क्रॉप कटिंग





**बहजोई /संभल (सब का सपना):-**जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद सम्भल में खरीफ फसलों की वास्तविक उत्पादकता का सटीक आकलन करने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर क्रॉप कटिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में विकासखंड बहजोई की न्याय पंचायत राजपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आनंदपुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर पूरी प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया और मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसान के खेत में उतरकर स्वयं भी हंसिया संभालते हुए धान की फसल की कटाई की। क्रॉप कटिंग की इस प्रक्रिया के तहत ग्राम आनंदपुर के किसान नौशे के खेत खसरा संख्या 393 का चयन किया गया। इसके बाद शासकीय मानकों और निर्धारित माप-तौल के अनुसार 43.30 वर्गमीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की कटाई कराई गई। कटाई का कार्य पूरा होने के पश्चात प्राप्त उपज की मौके पर ही तौल कराई गई, जिसमें कुल 25.800 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि क्रॉप कटिंग का यह कार्य शासन द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक और रैंडम यादृच्छिक प्रणाली के आधार पर चयनित खेतों में ही कराया जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रति इकाई क्षेत्रफल में प्राप्त होने वाली फसल का सही आकलन किया जाता है जिससे पूरे जनपद की औसत उत्पादकता और कुल उत्पादन का अनुमान लगाने में बड़ी मदद मिलती है। उन्होंने आगे बताया कि इन आंकड़ों को एकत्र कर राज्य शासन एवं संबंधित विभागों को भेजा जाता है जिससे भविष्य की कृषि नीतियों फसल बीमा दावों के निस्तारण तथा राहत कार्यों की रूपरेखा तय की जाती है।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार रजत कुमार राजस्व लेखपाल मुनेश शर्मा तथा सुमित सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा बैठक कम रैंकिंग वाले विभागों को सुधार करने के दिए निर्देश





**बहजोई /संभल (सब का सपना):-** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बी सी और डी श्रेणी वाले विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रगति सुधारने और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जल जीवन मिशन-ग्रामीण और फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवासों की स्वीकृति में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा और आपदा से क्षतिग्रस्त हुए पात्र परिवारों के आवासों को सूची में शामिल करने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के लक्ष्यों की जानकारी ली गई और लंबित लेगेसी प्रकरणों का इसी माह निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं में पिछड़ने वाले ग्राम पंचायत अधिकारियों की जवाबदेही तय करने को कहा गया। प्रोबेशन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की साप्ताहिक समीक्षा करने और अभियान चलाकर पात्र बालिकाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। इसमें स्वास्थ्य बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा और आईटीआई विभागों को भी समन्वय बनाकर सहयोग करने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें जिससे मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरोहा में 70वीं मंडलीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में तीन दिवसीय 70वीं मंडलीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के मिनी स्टेडियम में भव्य समारोह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद शिवलाल ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मंडलीय प्रतियोगिता में बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल और अमरोहा जिलों की टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जीजीआईसी अमरोहा तथा रिलायंस कन्या इंटर कॉलेज धनौरा की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जानवी यादव अमरोहा ने मशाल दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की, जबकि मुजस्सिम अमरोहा ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। मंच संचालन मदनपाल सिंह ने कुशलतापूर्वक किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर निशांत कुमार यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। शिवलाल ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहसंयोजक विकास कुमार, जिला क्रीड़ा प्रभारी विजय सिंह, जिला क्रीड़ा सचिव सुरेंद्र सिंह तथा विभिन्न राजकीय, एडेड और वित्त विहीन कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबंधक उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल संस्कृति और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना डिडौली पुलिस ने गुमशुदा मंदबुद्धि युवक को परिजनों से मिलाया




**अमरोहा (सब का सपना):-** मंगलवार को थाना डिडौली पुलिस को थाना क्षेत्र में एक युवक जीशान पुत्र वाहिद, निवासी ग्राम सब्दलपुर रहरा, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर, उम्र करीब 25 वर्ष, घूमता हुआ मिला। युवक की मानसिक स्थिति ठीक न होने के दृष्टिगत पुलिस उसे थाने लेकर आई। थाना डिडौली पुलिस द्वारा युवक के परिजनों की जानकारी प्राप्त करने हेतु कड़ी मशक्कत एवं अथक प्रयास किए गए। प्रयासों के फलस्वरूप युवक के भाई शमीम पुत्र वाहिद एवं चचेरे भाई नजाकत पुत्र रियाकत, निवासी ग्राम सब्दलपुर रहरा, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया गया।तत्पश्चात ऑपरेशन मुस्कान के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए युवक जीशान को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। युवक को सकुशल पाकर परिजनों ने अमरोहा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति 6.0 के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित




**अमरोहा (सब का सपना):-** सेवा संकल्प अभियान-मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय अमरोहा की महिला कर्मचारियों ने पुलिस लाइन अमरोहा में आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मैट्रन गीता राजपूत, नर्सिंग अधिकारी शबनम यादव, ज्योति पैसल, मोनिका विश्नोई, शिवानी तथा नर्सिंग अटेंडेंट रजिया सुल्तान सहित अन्य महिला कर्मी उपस्थित रहीं। मिशन शक्ति 6.0 के तत्वावधान में दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को इन महिला कर्मियों को स्वास्थ्य सेवाओं में उनके अतुल्य योगदान और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी जनपद अमरोहा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिशन शक्ति के माध्यम से न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि उनकी सेवाओं को भी समुचित सम्मान मिल रहा है। जिला संयुक्त चिकित्सालय की इन कर्मियों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी रोगियों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में अन्य जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे और महिलाओं के योगदान की सराहना की। यह सम्मान मिशन शक्ति के उद्देश्यों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने ग्राम भवन में स्वयं धान काटकर की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण





**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद सम्भल में खरीफ-2026 की प्रमुख फसल धान की उत्पादकता का सही आकलन करने और आंकड़ों की गुणवत्ता व विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील चन्दौसी के विकासखंड बहजोई की न्याय पंचायत राजपुर के अंतर्गत ग्राम भवन में धान की फसल के लिए आयोजित क्रॉप कटिंग प्रयोग का जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्वयं स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने खेतों में उतरकर स्वयं भी धान की फसल काटी तथा पूरी पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फसल उपज का आकलन कराया। क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान गाटा संख्या 884 में मानकों का पालन करते हुए कुल 43.30 वर्गमीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की कटाई संपन्न कराई गई। इसके लिए 10.10 मीटर का क्षेत्र चिन्हित कर फसल कटवाई गई और प्राप्त धान को मानकों के अनुसार मापने की कार्यवाही की गई। कटाई के बाद जब प्राप्त धान का वजन किया गया तो कुल 12.42 किलोग्राम उपज दर्ज की गई। इस प्रक्रिया के जरिए निर्धारित क्षेत्रफल में प्राप्त फसल के आधार पर कृषि उत्पादकता का वैज्ञानिक तरीके से आकलन किया जाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप प्रयोग के लिए खेतों का चयन पूरी तरह से यादृच्छिक (रैंडम) आधार पर किया जाता है ताकि आंकड़े निष्पक्ष और सटीक रहें। चयनित खेत में तय आकार का प्लॉट बनाकर खड़ी फसल काटकर वजन किया जाता है। इन आंकड़ों के आधार पर प्रति इकाई क्षेत्रफल में फसल की औसत उत्पादकता निर्धारित की जाती है और अंतिम आंकड़े शासन को भेजे जाते हैं।

यह प्रक्रिया सरकार को कृषि उत्पादन का सटीक आकलन करने और भविष्य की नीतियां बनाने में बेहद मदद करती है। इस अवसर पर तहसीलदार चन्दौसी रविन्द्र विक्रम क्षेत्रीय लेखपाल रचना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत कक्षा-8 की छात्रा बनी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी




**अमरोहा (सब का सपना):-** मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र हसनपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संविलियन विद्यालय करनपुर माफी की कक्षा-8 की छात्रा यशु पुत्री गौतम कुमार को एक दिन के लिए खंड विकास शिक्षा अधिकारी हसनपुर का पदभार सौंपा गया। एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनने पर यशु ने गौरान्वित महसूस किया। उन्होंने खंड को निपुण बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निपुण प्लस का नियमित प्रयोग किया जाए तथा बच्चों और अध्यापकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। छात्रा ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर सोनू कुमार, ए.आर.पी. नमित कुमार, मूलचन्द सिंह, राजनारायण सिंह, मौ. सुलेमान, अजय बामल, रस्तोगी, कार्यालय स्टाफ संदीप सिंह तथा शिक्षिकाएं विपाशा, अंजना, राहुल यादव, योगराज आदि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्रा के उत्साह और सुझावों की सराहना की। मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम से बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास हो रहा है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत पांच दिवसीय सेवा सेतु शिविर का शुभारंभ





**जनकल्याणकारी योजनाओं का लिया गया जायजा**

**बहजोई /संभल (सब का सपना):-** सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के अंतर्गत विकास खंड बहजोई के प्रांगण में पांच दिवसीय सेवा सेतु अभियान शिविर के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत मुख्य अतिथि चेयरमैन बहजोई ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों से जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मोहित गुप्ता श्रम विभाग से करतार सिंह तथा समाज कल्याण विभाग से विजेन्द्र सिंह ने अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और ग्रामीणों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ओमवीर सिंह सहायक विकास अधिकारी आकाश कुमार पंचायत सचिवों सहित विभिन्न प्रमुख विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 6.0 में महिला सुरक्षा कार्यक्रम, बेसिक शिक्षा कर्मियों को सम्मानित



**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न विभागों को शामिल किया गया। इनमें महिला कल्याण, युवा कल्याण, जिला विद्यालय निरीक्षक समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला संयुक्त चिकित्सालय, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय अमरोहा से निशि भूषण, गजरौला से अनुजा गोयल, सीमा, रीता यादव तथा जोया से इंदुबाला को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित कर गौरवान्वित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवयित्री मधु चतुर्वेदी जी उपस्थित रहीं। मंच का संचालन रश्मि चौधरी जी ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उनके सम्मान को बढ़ावा देना है। विभिन्न विभागों की भागीदारी से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

# शोभायात्रा में झांकी देखने गए युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के थाना नजीबाबाद क्षेत्र के कल्लूगंज में शोभायात्रा के दौरान झांकी देखने गए एक युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सेवाराम निवासी तरुण शंकर पुत्र मदन गोपाल टांक ने नजीबाबाद पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह 10 अक्टूबर की रात कल्लूगंज में शोभायात्रा की झांकी देखने गया था। आरोप है कि उसी दौरान आकाश व विकाश (निवासी मोहल्ला मकबरा) और उनके अन्य साथियों ने उसके साथ अकारण मारपीट तथा गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह पीड़ित की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। झगड़े के दौरान पीड़ित के साथी सुभाष टांक का मोबाइल फोन भी कहीं गुम हो गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता तरुण शंकर की तहरीर के आधार पर आरोपी आकाश, विकाश व अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की सुसंगत धाराओं–115(2), 351(2) और 352–के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अवधेश शर्मा द्वारा की जा रही है।




# राम-केवट संवाद से सजी रामलीला, दशरथ मरण और सुमन्त विलाप देख भावुक हुए दर्शक

**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के नजीबाबाद में राम जानकी कला परिषद द्वारा आयोजित रामलीला के पांचवें दिन कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मंचन के दौरान राम-केवट संवाद के प्रसंग ने जहां दर्शकों का मन मोहा, वहीं सुमन्त विलाप और राजा दशरथ मरण के दृश्यों ने सभी की आंखें नम कर दीं। इस दौरान शिवम गोयल (राम), शिवम शर्मा (लक्ष्मण), वंश कुशवाहा (सीता), प्रियांशु सिंघल (सुमन्त), साकेत शर्मा (केवट), हरिओम (दशरथ) और आयुष अमोली (भरत) समेत अन्य कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामलीला का आनंद लेने की अपील की है।



# 11 हजार वोल्ट की लाइन से टकराया मासूम, जिंदगी की जंग लड़ रहा जावेद

**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** मोहल्ला मुग्लूशाह में सोमवार शाम पतंग उड़ाने की खुशी पल भर में चीख-पुकार में बदल गई। छत के पास से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में फंसी पतंग को निकालने के दौरान 11 वर्षीय मासूम जावेद सैफी गंभीर रूप से झुलस गया। बालक पतंग निकालने के लिए लोहे के पाइप का इस्तेमाल कर रहा था। जैसे ही पाइप लाइन से टकराया, जोरदार धमाके के साथ उसे भीषण करंट लग गया और वह दूर जा गिरा।

गंभीर रूप से झुलसे मासूम को परिजन तुरंत स्थानीय अस्पतालों में ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया है। बच्चे का शरीर अंदरूनी रूप से काफी झुलसा है, जिससे उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



# जल जीवन मिशन के ऑपरेटर का शव मिलने से सनसनी

***चेहरे पर खून और सिर-हाथ पर चोट के निशान, बेटे ने लगाया पीट-पीटकर हत्या का आरोप***

**चांदपुर/बिजनौर (सब का सपना):-** जल जीवन मिशन की पानी की टंकी के 70 वर्षीय ऑपरेटर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उनका शव टंकी परिसर के बाहर पड़ा मिला। चेहरे पर खून और सिर व हाथ पर चोट के निशान देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, शमशेर अली गांव सराय शेख हबीब में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी पर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वह रात में टंकी परिसर में ही सोते थे। मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला ने टंकी परिसर के बाहर उनका शव पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।मृतक के बेटे इदरीस ने आरोप लगाया कि उनके पिता की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि शव के चेहरे पर खून लगा हुआ था तथा सिर और हाथ पर चोट के निशान थे। बेटे ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में पांच बेटे और दो बेटियां हैं। फिलहाल, मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।



# रामलीला में हुआ रावण जन्म का भव्य मंचन, रावण के अत्याचारों का किया जीवंत चित्रण

***रामलीला मैदान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन***

**स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):-** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं का सुंदर एवं आकर्षक मंचन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को रामलीला में रावण जन्म तथा उसके अत्याचारों से संबंधित प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया।कलाकारों ने अपनी अभिनय कला के माध्यम से रावण के जन्म से जुड़े प्रसंगों और उसके बढ़ते अत्याचारों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। मंचन के दौरान दर्शकों ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। रामलीला देखने के लिए नगर के बड़ी संख्या में रामभक्त रामलीला मैदान पहुंचे और धार्मिक आयोजन का आनंद लेते हुए धर्मलाभ अर्जित किया। रामलीला के सफल आयोजन में कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, मंच प्रबंधक राजपाल सिंह प्रजापति, सुनील कुमार शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा और अमर सिंह वर्मा सहित अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।



# नारी सुरक्षा का संकल्प, मिशन शक्ति से महिलाओं को मिला जागरूकता का संदेश

***हेल्पलाइन नंबरों से लेकर साइबर ठगी तक की दी जानकारी, पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक***

**अफजलगढ़/बिजनौर (सब का सपना):-** मिशन शक्ति फेस-6.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना अफजलगढ़ पुलिस ने कादराबाद स्थित भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कॉलेज में महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने सरकार की विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं, कल्याणकारी योजनाओं और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 व 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी परेशानी में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने और ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में करीब 65 से 70 महिला एवं पुरुषों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल राजू सागर, महिला कांस्टेबल आरती देवी, वंशिका और अनु गौतम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल का जोरदार स्वागत

***महिला मोर्चा को मजबूत करना और अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ना प्राथमिकता:- गार्गी अग्रवाल***

**बिजनौर (सब का सपना):-** भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल का बिजनौर में जोरदार स्वागत किया गया। मोहल्ला नई बस्ती स्थित उनके आवास पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज तथा आतिशबाजी के बीच फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। नई जिम्मेदारी मिलने की खुशी में महिला कार्यकताओं और भाजपा नेताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने गार्गी अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। स्वागत समारोह में कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर खुशी का इजहार किया और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। आवास पर जुटे पार्टी पदाधिकारियों, महिला कार्यकताओं और समर्थकों ने गार्गी अग्रवाल का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल ने पार्टी नेतृत्व, पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। महिला मोर्चा को मजबूत करना, अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ना तथा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन को नई मजबूती प्रदान करने और भाजपा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने महिला कार्यकताओं से भी संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम में अनीता, रेखा, सरोज, कुसुम, सुमन, रानी, सुनीता अग्रवाल, कुसुम लता, इंदु, पूजा, निक्की शर्मा, मोनिका और अलका सहित भाजपा की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इसके अलावा जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, जगदीश कुमार शर्मा, नगराध्यक्ष अंकुर गौतम और पूर्व नगराध्यक्ष नीरज शर्मा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे।



# रात के अंधेरे में दीवार कूदकर घर में घुसे अज्ञात लोग, महिला के मुंह में कपड़ा ठूंसकर की मारपीट

**मंडावली/बिजनौर (सब का सपना):-** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में रात के अंधेरे में दीवार कूदकर घर में घुसे अज्ञात लोगों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात लोगों ने महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसके साथ मारपीट कर घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, घायल महिला की पहचान रेखा पत्नी रवि कुमार, उम्र लगभग 33 वर्ष, निवासी ग्राम रामनगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात के अंधेरे में अज्ञात लोग दीवार कूदकर घर में घुसे और महिला के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ मारपीट की। घटना में महिला घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की 112 सेवा और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल घटना को अंजाम देने वाले लोगों की पहचान और मारपीट के कारणों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। पुलिस की कार्रवाई के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मामले की आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# आरसेटी में हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनेंगे ग्रामीण युवा और महिलाएं

***कंप्यूटर बहीखाता, अचार-पापड़ निर्माण और ब्यूटी प्रैक्टिशनर का दिया जाएगा प्रशिक्षण***





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से आरसेटी बहजोई (संभल) में जल्द ही तीन नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवा और महिलाएं अपने कौशल के अनुसार रोजगार के अवसर तलाशने के साथ ही स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की दिशा में भी कदम बढ़ा सकेंगे। आरसेटी की ओर से शुरू किए जाने वाले इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में असिस्टेंट बुक कीपर (कंप्यूटर), अचार-पापड़ एवं मसाला पापड़ निर्माण तथा जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर का प्रशिक्षण शामिल है। इन पाठ्यक्रमों को अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। असिस्टेंट बुक कीपर (कंप्यूटर) प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर के माध्यम से लेखा-जोखा रखने, बहीखाता तैयार करने तथा इससे संबंधित कार्यों की जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण से युवाओं को दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों में लेखा संबंधी कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। अचार, पापड़ एवं मसाला पापड़ निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य उत्पाद तैयार करने, उनकी गुणवत्ता बनाए रखने तथा उत्पादन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को घर से ही छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपने हुनर के आधार पर खाद्य उत्पादों का निर्माण कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सौंदर्य सेवाओं एवं ब्यूटी पार्लर से संबंधित कौशल सिखाए जाएंगे। इसके माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को सौंदर्य क्षेत्र में काम करने तथा भविष्य में अपना ब्यूटी पार्लर शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं एवं महिलाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोजगार के योग्य बनाना है। इन तीनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को अपने हुनर को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिलेगा।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के शुरू होने से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को अपने ही क्षेत्र में कौशल विकसित करने तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# मुअज्जिन को जेल भेजने पर बार संघ ने जताई नाराजगी, डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन

***डीएम ने एसडीएम नजीबाबाद से किया जवाब तलब, सभी एसडीएम को संयम और व्यावहारिकता बरतने के निर्देश***

नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- बार संघ नजीबाबाद के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद मोअज्जम खान के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बिजनौर से मुलाकात कर 10 अक्टूबर 2026 को मकबरा वाली मस्जिद के मुअज्जिन के विरुद्ध की गई पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लाउडस्पीकर के मामले में अपनी मांगें एवं सुझाव रखे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुअज्जिन को जेल भेजे जाने की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए अपना पक्ष अधिकारियों के समक्ष रखा। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी बिजनौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपजिलाधिकारी नजीबाबाद से जवाब तलब किया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब संबंधित धारा जमानती थी, तो मुअज्जिन को जेल भेजने का औचित्य क्या था? उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में माननीय उच्च न्यायालय संबंधित अधिकारी पर जुमार्ना लगाने और उसकी धनराशि अधिकारी के वेतन से वसूलने की शक्ति रखता है।

जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार के मामलों में संयम, संवेदनशीलता और व्यावहारिकता के साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने बार संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन के संबंध में पुलिस अधीक्षक से वार्ता करने का आश्वासन भी दिया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को भी ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने मुअज्जिन को जेल भेजे जाने पर आपत्ति जताते हुए अपना पक्ष रखा। इस पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में दिए गए सुझावों पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा तथा कानून के अनुरूप न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद मोअज्जम खान के साथ बार संघ नजीबाबाद के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट, महासचिव नदीम अहमद एडवोकेट, उपाध्यक्ष जावेद सिद्दीकी एडवोकेट तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य लोकेन्द्र सिंह चौहान मौजूद रहे।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत सड़क सुरक्षा का संदेश, एनसीसी कैडेट्स के साथ अगौता पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**गढ़िया चौराहे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग पर दिया जोर**



**अगौता/बुलंदशहर (सब का सपना):-** मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अगौता पुलिस ने मंगलवार को गढ़िया चौराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी एवं मिशन शक्ति प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने एनसीसी बटालियन के कैडेट्स के सहयोग से वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इस दौरान सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम और एनसीसी कैडेट्स ने वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, यातायात संकेतों का पालन करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। लोगों को बताया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी स्वयं चालक के साथ-साथ दूसरे लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकती है। लापरवाही से बचें, यातायात नियमों का करें पालन पुलिस ने लोगों को समझाया कि सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाना, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। ऐसे में प्रत्येक वाहन चालक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नियमों का पालन करना चाहिए।

एनसीसी कैडेट्स ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम के साथ मिलकर उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और लोगों को सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

# महिला ने दो युवकों पर लगाया छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, पुलिस ने शांति भंग में की कार्रवाई



**फतेहपुर (सब का सपना):-** गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही दो युवकों पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। महिला ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला ने डायल 112 पर गाली-गलौज की सूचना दी थी, जिस पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर करीब तीन बजे वह खेत से चारा लेकर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में नहर के पास गांव के ही सोनू और दीपक ने उसे रोक लिया और जबरन नहर की खंती में खींच ले गए। महिला का आरोप है कि दोनों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर धमकी दी। शोर सुनकर पास में पशु चरा रहे लड़के मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए। महिला ने आरोप लगाया कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में गाजीपुर थाना प्रभारी विनोद पटेल ने बताया कि महिला ने डायल 112 पर सूचना दी थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उसे सड़क पर रोककर गाली-गलौज की है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है। महिला की ओर से लगाए गए दुष्कर्म के प्रयास के आरोपों के संबंध में पुलिस की आगे की जांच की स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

# पूर्व विधायक के घर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**स्याना/बुलंदशहर (सब का सपना):-** पूर्व विधायक अनीता लोधी के स्थित आवास पर चोरी की घटना का पुलिस ने पदार्फाश करते हुए दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, पुलिस ने आरोपियों को अरोमा होटल के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का सामान नगदी और अन्य वस्तुएं बरामद की है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आदिल पुत्र शकील और निषाद उर्फ कल्लू पुत्र मैहर अली निवासी गणं मोती कॉलोनी सिकंदर गेट हापुड़ के रूप में हुई दोनों पर स्याना कोतवाली क्षेत्र में पूर्व विधायक अनीता लोधी के आवास पर चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप था मामले में बीएन एस के संबंधित धाराओं में तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है सीओ रामकरण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों से कब्जे की चोरी संबंधित सामान और नगदी भी बरामद की गई है।।

# बेसिक शिक्षा सचिव ने किया फतेहपुर की शिक्षिका आसिया फारूकी का सम्मान




**फतेहपुर/लखनऊ (सब का सपना) :-** लखनऊ के चारबाग स्थित होटल अंबर में सोमवार को आयोजित उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह 2026 में फतेहपुर की शिक्षिका आसिया फारूकी को सम्मानित किया गया।समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका आसिया फारूकी एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका नीलम भदौरिया, मोनिका सिंह और चंपा शर्मा को सूचना आयुक्त प्रकाश गुप्ता, बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी शिक्षकों की प्रतिभा की सराहना की और शिक्षकों को आगे भी इसी तरह मेहनत से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय अस्ति की शिक्षिका आसिया फारूकी को उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षकों ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर उन्हें 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। साथ ही कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के प्रतिनिधि विनीत शर्मा को भी ज्ञापन दिया गया।कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया गया।

# मिशन शक्ति फेज-6 के तहत महिला पुलिस और एनसीसी कैडेट्स ने चलाया जागरूकता अभियान





**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** मंगलवार को मिशन शक्ति फेज-6 के तहत चंदौसी कस्बे में महिला सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार रावत और क्षेत्राधिकारी चंदौसी एवं सहायक नोडल अधिकारी विवेक जावला के पर्यवेक्षण में अभियान संचालित किया गया।

यातायात निदेशालय के सहयोग से आयोजित इस अभियान में महिला पुलिसकर्मियों और एनसीसी की महिला कैडेट्स ने आपसी समन्वय के साथ चंदौसी कस्बे के प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभाली। बदायूं चुंगी, फव्वारा चौक और तहसील तिराहा सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर यातायात संचालन कर वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने और यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचने का संदेश दिया गया। लेकर भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। साथ ही 1090, 102, 181, 1976 और 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह, यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जगरोशन, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी चंदौसी उपनिरीक्षक आरती सिसौदिया, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी कुढ़फतेहगढ़ गुरजिंदर कौर तथा मिशन शक्ति टीम सर्किल चंदौसी ने सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

# किसान की हत्या में सीडीआर खंगाल रहीं चार पुलिस टीमें, अब तक नहीं मिला सुराग



**असोथर/फतेहपुर (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के सातों पीत गांव के मजरे गड़रियन पुरवा में किसान सीताराम पाल की हत्या के मामले में पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए गठित चार पुलिस टीमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) खंगालने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं। हालांकि, अभी तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।किसान सीताराम पाल की 11 अक्टूबर की रात खेत में सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हत्यारों ने धारदार हथियार से उनके शरीर पर कई वार भी किए थे। वारदात के बाद से पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है। जांच के दौरान पुलिस मृतक के संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। चार टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं, लेकिन अभी तक हत्या की वजह और आरोपियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। थाना प्रभारी राजीव मिश्रा ने बताया कि हत्याकांड के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ सीडीआर समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नहर कालोनी में आंगनबाड़ी कार्यकताओं का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन





**फतेहपुर (सब का सपना):-** फतेहपुर में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की समस्याओं को लेकर मंगलवार को नहर कालोनी में जोरदार प्रदर्शन हुआ। महिला उत्थान समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद समिति की जिला अध्यक्ष पूजा तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन में शामिल सभी कार्यकर्ता लाल साड़ी में और गले में आईडी कार्ड लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठाईं। ज्ञापन में मानदेय बढ़ाने, सेवा को स्थायी करने और अन्य सुविधाएं देने की प्रमुख मांगें शामिल की गईं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पूजा तिवारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिन-रात ग्राम स्तर पर कुपोषण, टीकाकरण, धात्री महिलाओं की देखभाल और बच्चों की शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं देती हैं, लेकिन उन्हें आज भी बहुत कम मानदेय पर काम करना पड़ रहा है।

न तो कोई वेतनमान है, न ही कोई सामाजिक सुरक्षा। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह आंदोलन और बड़ा होगा। समिति ने सरकार से मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की गुहार लगाई है।

# प्राचीन तीर्थों और पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए





**बहजोई/सम्भल (सब का सपना):-** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जनपद के प्राचीन तीर्थों और अन्य पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के प्राचीन 68 तीर्थों 19 महाकूपों और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य स्थलों पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सम्भल के आलम सराय स्थित हंसतीर्थ के कार्यों की जानकारी लेते हुए ठेकेदार को समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व ग्राम दतावली स्थित तारक प्रयाग तीर्थ पर मिट्टी भराव की समस्या के संबंध में कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से तत्काल सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। शहजादी सराय में पर्यटक सुविधा केंद्र के निर्माण कार्य में तेजी लाने और खानपुर खुम्मार स्थित भुवनेश्वर लिंग महातीर्थ के पास संचालित न होने वाली ग्यारह हजार वोल्ट की विद्युत लाइन को नियमानुसार शिफ्ट कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सम्भलेश्वर महातीर्थ वंश गोपाल तीर्थ रायपुर कला स्थित चामुण्डा देवी मंदिर सिद्ध बाबा समाधि स्थल मनोकामना तीर्थ और चन्द्र तीर्थ के निर्माण कार्यों को स्वीकृत लेआउट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही हरिबाबा धाम सूर्यकुण्ड तीर्थ कुरुक्षेत्र तीर्थ नैमिषारण्य तीर्थ बाहपुर पट्टी स्थित देवी माता मंदिर बाकरपुर के देवस्थान और असमोली के बूढ़े बाबा स्थल पर चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को हिदायत दी कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और ठेकेदारों के देयकों का भुगतान समय पर सुनिश्चित हो ताकि कार्यों में कोई विलंब न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर पर्यटन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रदीप कुमार टम्टा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने की एक करोड़ से अधिक लागत की अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली अपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं और मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरे किए जाएं। यदि किसी परियोजना में कोई बाधा आती है तो उसे तुरंत संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका समाधान हो सके। उन्होंने निमार्णाधीन सड़कों को आवागमन योग्य बनाए रखने पर भी जोर दिया ताकि आमजन को परेशानी न हो। जल निगम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि जिन स्थानों पर सड़कें खोदी गई हैं उन्हें खुदाई के बाद पूर्ववत अच्छी स्थिति में ठीक कराया जाए। जल निगम शहरी को सभी नगर निकायों में जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा कर शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। विकासखंड बहजोई के ग्राम पंचायत आनंदपुर में ग्रामीण स्टेडियम ओपन जिम और अन्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड राजकीय निर्माण निगम यूपी सिडको सेतु निगम।ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग और मंडी परिषद समेत अन्य कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा माफिया और गुंडों की पार्टी, भाजपा अपराधियों का सफाया करने वाली पार्टी-केशव प्रसाद मौर्य

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी यदि माफिया और गुंडों की पार्टी है, तो भारतीय जनता पार्टी उन्हें समाप्त करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित कौशाम्बी के विकास के लिए कमल खिलाना जरूरी है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव सेमीफाइनल है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से पूरी ताकत के साथ चुनाव में जुटने और पार्टी प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र मंझनपुर के नगर पालिका परिषद स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के समर्थन में आयोजित एमएलसी मतदाता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने की। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और किसानों के हितों के लिए काम करती है, जबकि समाजवादी पार्टी पर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करने वालों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता भूमाफियाओं और अपराधियों को नकार चुकी है। विपक्ष के पास कार्यकताओं के बजाय गुंडे और माफिया हैं, जबकि भाजपा के कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करते हैं। इसी मेहनत के बल पर पार्टी सत्ता में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जहां एक बार आती है, वहां बार-बार आती है, क्योंकि पार्टी विकास के एजेंडे पर काम करती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए

जानकारी

# खूबसूरती को बढ़ाने और चेहरे को चमकाने के लिए फायदेमंद है चीनी


आप लोग चीनी का इस्तेमाल चाय या कॉफी का स्वाद बढ़ाने के लिए करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं चीनी आपकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए भी है लाजवाब। तो आइए आपको बताते हैं कि, कैसे आप अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं।

चीनी का हर रोज इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी हर तरह की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। बहुत से इंसान इस बात से अंजान हैं कि, चीनी हमारी त्वचा की कई परेशानियों को दूर कर देती हैं। चलिए आपको बताते हैं चीनी आपकी स्किन के लिए कैसे लाभकारी होती है। अगर आपकी स्किन अधिक ही ड्राई रहती है, तो चीनी और तिल का तेल मिलाना चाहिए तथा इसमें नीलगिरी का तेल मिला लीजिए। इसको अपने चेहरे पर लगाना चाहिए। इससे चेहरा ऑयली होगा और चेहरे को ठंडक मिलेगी।

चीनी हर तरह की स्किन के लिए लाभकारी होती है। एक चम्मच चीनी में ऑलिव ऑयल तथा नींबू के रस की कुछ बूंदे डालकर पेस्ट बना लीजिए। इसे अपने चेहरे पर15 मिनट लगाना चाहिए। फिर हल्के हाथों से इसे स्क्रब कीजिए और धो लीजिए। सेल्स स्किन को डल और बेजान बना देते हैं। अगर आपकी स्किन भी बेजान हो गई है तो दो चम्मच चीनी में एक चम्मच हल्का गर्म नारियल तेल मिला लीजिए। इसे चेहरे पर स्क्रब करें और गुनगुने पानी से धो लीजिए।



- वजन घटने तथा प्रैग्नेंसी के बाद स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स पड़ जाते है। इनको हटाने के लिए चीनी, कॉफी, बादाम तेल तथा शहद मिलाकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को स्ट्रेच मार्क्स पर लगाकर मालिश कीजिए।
- इसके अलावा थोड़ी सी मात्रा में चीनी लीजिए। उसमें चुकंदर का रस मिलाएं और फिर इस पेस्ट से हल्के हाथों से होंठों पर स्क्रब कीजिए। थोड़ी देर बाद गुनगुने पानी से धो लीजिए। इससे होंठ मुलायम और पाउटी बन जाएंगे। अगर आप भी बढ़ाना चाहती हैं अपने चेहरे की खूबसूरती तो जरुर करें चीनी का इस्तेमाल।



आमतौर पर जिन लोगों को दिल की बीमारी होती है उनमें से 20 फीसदी मरीजों को स्ट्रोक की समस्या होती है।

# 15 से 59 साल के लोगों के लिए मौत की बड़ी वजह बन रहा ब्रेन स्ट्रोक



दुनियाभर में फैली तमाम जानलेवा बीमारियों के बीच एक और खतरनाक बीमारी धीरे धीरे लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रही है। इस बीमारी का नाम है ब्रेन स्ट्रोक। आज हालत यह है कि दुनिया का हर छठा व्यक्ति कभी न कभी ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हुआ है और 60 से ऊपर की उम्र के लोगों में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण ब्रेन स्ट्रोक है। यह 15 से 59 वर्ष के आयुवर्ग में मौत का पांचवां सबसे बड़ा कारण है। विशेषज्ञों के अनुसार स्ट्रोक आने के बाद 70 फीसदी मरीज अपनी सुनने और देखने की क्षमता खो देते हैं। साथ ही 30 फीसदी मरीजों को दूसरे लोगों के सहारे की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर जिन लोगों को दिल की बीमारी होती है उनमें से 20 फीसदी मरीजों को स्ट्रोक की समस्या होती है।

## ब्रेन स्ट्रोक से जुड़ी कुछ खास बातें

डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव बताते है कि मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित होने या गंभीर रूप से कम होने के कारण स्ट्रोक होता है।

- उनके अनुसार मस्तिष्क के ऊतकों में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की कमी होने पर कुछ ही मिनटों में मस्तिष्क की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं इसलिए समय रहते रोगी को उपचार मिलने से उसे सामान्य स्थिति में लाया जा सकता है, अन्यथा मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता हो सकती है।
- ब्रेन स्ट्रोक को समय पर सही इलाज देकर ठीक किया जा सकता है, लेकिन इलाज में देरी होने पर लाखों न्यूरॉन्स क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और मस्तिष्क के अधिकतर कार्य प्रभावित होने लगते हैं। इससे प्रभावित होने पर व्यक्ति के शरीर का कोई एक हिस्सा सुन्न होने लगता है और उसमें कमजोरी या लकवा जैसी स्थिति होने लगती है। मरीज को बोलने में दिक्कत आ सकती है, झुरझुरी आती है और उसके चेहरे की मांस पेशियां कमजोर हो जाती हैं जिससे लार बहने लगती है।
- देश में हर साल ब्रेन स्ट्रोक के लगभग 15 लाख नए मामले दर्ज किए जाते हैं और यह असामयिक मृत्यु और विकलांगता की एक बड़ी वजह बनता जा रहा है।
- यहां यह भी अपने आप में परेशान करने वाला तथ्य है कि हर 100 में से लगभग 25 ब्रेन स्ट्रोक रोगियों की आयु 40 वर्ष से नीचे है। यह हार्ट अटैक के बाद दुनिया भर में मौत का दूसरा सबसे आम कारण है।
- पीएसआरआई हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अमित श्रीवास्तव बताते हैं कि समय रहते स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानकर तत्काल उपचार कराने पर कुछ ही समय में यह बीमारी ठीक हो जाती है।
- इसके लक्षणों और तत्काल एहतियाती उपायों की जानकारी देते हुए डॉ. गोयल ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का चेहरा एक तरफ से टेढ़ा होने लगे और उसे बोलने में दिक्कत हो तो उस व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा मुस्कुराना चाहिए ताकि चेहरे की मांसपेशियों की कसरत हो।
- इसी तरह अगर एक हाथ कमजोर या सुन्न लगे तो उपचार मिलने से पहले उसे ऊपर नीचे करने की कोशिश करें। उन्होंने बताया कि यदि बोलने में दिक्कत हो तो ऐसे व्यक्ति किसी एक वाक्य को बार बार दोहराएं और उसका सही उच्चारण करने की कोशिश करें।
- वह हिदायत देते हुए कहते हैं कि इनमें से कोई भी लक्षण नजर आने पर मरीज को तत्काल किसी नजदीकी अस्पताल में लेकर जाएं। 'गोल्डन ऑवर' में उपचार मिलने से मरीज को स्ट्रोक से बचाया जा सकता है।
- चिकित्सकों के मुताबिक इसका मुख्य कारण उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त शर्करा, उच्च कोलेस्ट्रॉल, शराब, धूम्रपान और मादक पदार्थों की लत के अलावा आरामतलब जीवन शैली, मोटापा, जंक फूड का सेवन और तनाव है।
- युवा रोगियों में यह अधिक घातक साबित होता है, क्योंकि यह उन्हें जीवन भर के लिए विकलांग बना सकता है।
- डॉ। राजुल अग्रवाल, सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट के अनुसार पहले यह समस्या बढ़ती उम्र में होती थी वही आज स्ट्रोक का खतरा युवाओ पर भी मंडरा रहा है।
- अनियमित जीवन शैली, खानपान और तनाव स्ट्रोक होने के मुख्य कारणों में से है। इससे बचाव के लिए व्यायाम, उचित खानपान और नशे से दूर रहने की सबसे ज्यादा जरूरत है।
- साथ ही व्यक्ति को तनाव से बचने की कोशिश करनी चाहिए। तनाव कई बीमारियों की जड़ है जो धीरे धीरे घुन की तरह शरीर को खोखला कर देती है।

सेहत


# दांत और आंख की हर बीमारी का रामबाण इलाज हैं ये घरेलू उपाय

आज हम आपको बताने वाले हैं कि, कैसे आप अपनी आंख और दांतों का घरेलू तरीको को अपनाकर हर दर्द कर सकते हैं दूर। जैसे कि लोगों में आम दांत में दर्द, कई बार आंखों में जलन जैसी परेशानियां होने लगती हैं, लेकिन इस दर्द से राहत पाने के लिए जो तरीके आज हम आपको बताने वाले हैं वो बेहद लाजवाब हैं। अगर आपकी आंखें कमजोर हैं तो आप डॉक्टरी सलाह के साथ ही कई घरेलू उपायों को भी अपना सकते हैं...

- आंखों की बीमारियों से बचने के लिए आपको रोज सुबह उठते ही सबसे पहले अपने मुंह में पानी भरना है और उसके बाद पंद्रह से ज्यादा बार आंखों को पानी से धोना है। ऐसा करने से आपको आंखों की समस्या से निजात मिलेगी।
- इसके अलावा आप अपने दोनों पैरों के अंगूठों के नखों को तेल से भर दें और फिर हल्की से मसाज करें। इससे आपकी आंखों की रोशनी बढ़ सकती है।

### दांतों के दर्द के लिए खास उपाय...





- इसी तरह अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है तो आपको नमक और काली मिर्च रामबाण का काम करेगी। थोड़ा नमक लें और उससे आधी मात्रा में काली मिर्च का पाउडर में मिलाकर जरा-सा पानी डालें और पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को उस जगह लगा लें जहां दांत में कीड़ा लगा हो। इससे आपको राहत मिलेगी।
- इसके अलावा आप लहसुन पर थोड़ा सा नमक लगाकर इसे चबाएं। इससे भी आपको आराम मिलेगा।
- दांतों को स्वस्थ्य रखने के लिए आपको रोज सुबह कच्चा प्याज खाना चाहिए। इससे आपके दांतों को दर्द से आराम मिलेगा। आप दांत में जहां दर्द हो रहा है वहां नींबू भी लगा सकते हैं। इससे आपको फौरन राहत मिलेगी।
- लौंग को दांतों के लिए रामबाण है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है तो लौंग मुंह में दबा लें आपको फौरन आराम मिलेगा। इसके अलावा आप लौंग का तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप भी पाना चाहते हैं आंख और दांत के दर्द से राहत तो ये तरीके जरुर अपनाएं।
- लहसुन के दवे को नमक में डुबोकर चबाएं, दांतों के दर्द में आराम होगा। रोज सुबह लहसुन का एक जवा चबाने से दांत मजबूत रहते हैं।
- रोज सुबह एक कच्चा प्याज खाने से भी दांतों के दर्द में आराम मिलता है। डॉक्टरों का मानना है कि हर तीन मिनट पर एक स्लाइस प्याज की खाने से मुंह में मौजूद कीटाणु मर जाते हैं और दर्द में तुरंत आराम मिलता है।
- नींबू विटामिन सी का बड़ा स्रोत है। दांतों के दर्द वाले हिस्से पर नींबू का कतरा लगाने से दर्द से तुंरत राहत मिलती है।
- दांतों में तेज दर्द से आराम के लिए एक चौथाई चम्मच नमक में एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिलाकर दर्द वाले हिस्से पर लगाएं। आपको तुरंत आराम मिलेगा।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** चू चे चो ला ली लू ले लो आ

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** का की कू घ ङ छ के को हा

कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क** ही हू हे हो डा डी डू डे डो

राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** मा मी मू मे मो टा टी टू टे

व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** रा री रु रे रो ता ती तू ते

यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** तो ना नी नू ने नो य यी यू

मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** भे जा जी खी खू खे खो गा गी

'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8


**कुंभ** गू गे गो सा सी सू से सो दा

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** दी दू थ झ ञ द दो चा ची


व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 4038




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 4037 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)– मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका– ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी– वह कैसे?

प्रेमिका– मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से– प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका– कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी– मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)– अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका– मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी– क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 4038



### बायें से दायें:-

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 4037

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | जो | र | | बे | ना | म |
| नु | | रा | का | | वी | र | ता | | म |
| म | र्द | | श | बा | ना | | ब | बी | ता |
| लि | | ता | | बू | | सु | | ना | |
| क | भी | क | भी | | सु | हा | ग | रा | त |
| | गी | त | | चि | रा | ग | | य | |
| गो | रा | | शा | | ग | | चि | | ह |
| | त | क | दी | र | | इं | त | का | म |
| ज | | री | | त | ब्बू | | चो | | रा |
| या | रा | ना | | न | | अ | र | बा | ज |

## सूडोकु -4038

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 4038



### बाएँ से दाएँ

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

### ऊपर से नीचे

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -4037 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | | र | | श | ब | न | म |
| | म्मी | | र | फू | च | क्र | र | | में | |
| आ | | मा | स | | ना | | मा | ह | | प्र |
| स | ह | ला | ना | | का | | ना | रा | य | ण |
| | थ | | | | र | | | | ज़ो | |
| ह | क | ब | का | ना | | अ | प | ना | प | न |
| | र | | | | ख | | | | वी | |
| मे | घा | ल | य | | ल | | क | म | त | र |
| घ | | त | म | | ना | | ल | त | | क्षा |
| | यं | | रा | सा | य | नि | क | | कें | |
| म | हा | रा | ज | | क | | ल | म्बो | द | र |



# मैं अपने हर किरदार में कुछ एक्स्ट्रा एलिमेंट कुछ नया जोड़ने की कोशिश करती हूं

अवस्थी परिवार में आपका स्वागत है; जहां ड्रामा है, मस्ती है और सबसे बढ़कर एक डायन का राज है! अमेज़न स्टूडियोज़ और कलर येलो की फिल्म 'नई नवेली' की कहानी एक जाने-पहचाने भारतीय परिवार की झलक देती है। कहानी में एक आम परिवार की दुनिया बेहद दिलचस्प तरीके से बदल जाती है, और फिर इसमें लार्जर देन लाइफ किरदारों, परिवार में होने वाले मजाक और ढेर सारे ट्विस्ट और टर्न के अलावा फैमिली डॉग के भी उस उथल पुथल में शामिल हो जाने की झलक मिलती है। फैमिली, कॉमेडी, फेंटेसी, मिस्ट्री और एक्शन को एक साथ मिलाते हुए फिल्म दर्शकों के सामने एक साथ मस्ती, ह्यूमर, इमोशन और बहुत सारे दिलचस्प सरप्राइज़ लेकर आती है। फिल्म की कहानी भारतीय परिवार के जड़ों से जुड़ी हुई है, और इस तरह से ये दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में लेकर जा रही है जिसे उन्होंने कभी नहीं देखा है। हर नई परत के खुलने के साथ नई नवेली फिल्म अपनी तरह की इकलौती लार्जर देन लाइफ बिग स्क्रीन एडवेंचर बनकर इस दशहरा के मौके पर कुछ अलग देने का वादा करती है। कहानी के केंद्र में नेशनल अवॉर्ड विनर यामी गौतम धर मोहिनी के किरदार के साथ एक बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली हैं। जबरदस्त लुक से लेकर बॉडी लैंग्वेज तक, उनकी कॉमिक बिट्स और एक्शन किरदार में सेंस ऑफ सरप्राइज़ लेकर आ रहे हैं। एक इवेंट में यामी ने अपने रोल के बारे में और उसकी तैयारी करने के प्रोसेस पर बात की कि कैसे उन्होंने मोहिनी को एक पूरी तरह से नई पर्सनालिटी बनाई है। उन्होंने साझा करते हुए कहा, हर रोल अपने साथ एक नए चैलेंज और डिमांड लाता है। जब भी कोई मुझसे किसी रोल की तैयारी के बारे में पूछता है, तब मैं उस याद में चली जाती हूं, जब मैने पहली बार उस रोल के बारे में सुना या पढ़ा था। यामी ने कहा, तब आपको एहसास होता है कि मज़ा तो बहुत आ रहा है, लेकिन आपको बहुत सी चीज़ें भी सीखनी पड़ती हैं, जैसे स्किल्स, एक्शन, और बॉडी लैंग्वेज। यह ऐसा है जैसे आपको अपने सामने एक पैरेलल पर्सनैलिटी बनानी है और फिर उसे अपनी स्किन की तरह पहनना है, वही इंसान बनना है। आगे बात करते हुए वे कहती हैं, मैं ऐसी स्टूडेंट हूं जो हमेशा सोचती रहती हूं कि तैयारी में कहीं कुछ कमी तो नहीं रह गई। मेरा मानना है कि आप जितनी बार स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, उतना ही आपको अपने किरदार या कहानी में कुछ नया जोड़ने का मौका मिलता है। फिल्म की नब्ज समझना बहुत जरूरी है। मोहिनी उसी तरह नहीं हंसेगी, जैसे मैंने अपनी दूसरी फिल्मों में निभाए किरदारों में हंसी है। मैं अपने हर किरदार में कुछ एक्स्ट्रा एलिमेंट, कुछ नया जोड़ने की कोशिश करती हूं, ताकि ऑडियंस को भी उसे देखने में मजा आए। यामी गौतम धर स्टारर इस फिल्म को बालाजी मोहन ने डायरेक्ट किया है, जबकि इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म में अड्डिनाथ एम. कोठारे, अनुराग ठाकुर, सुनीता राजवार, मीता वशिष्ठ, आदित्य कुलश्रेष्ठ, सुस्मिता मुखर्जी और प्रतीक पचौरी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।






## आईटी सर्च में नाम आने पर रकुल प्रीत सिंह ने दी सफाई

अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह ने इनकम टैक्स छापों से अपना नाम जुड़ने की खबरों पर रिएक्ट किया। अभिनेत्री ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, 28 सितंबर को आयकर विभाग ने अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह और फिल्म निर्माता वासु भगनानी से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। 28 सितंबर 2026 को मुंबई में आयकर विभाग ने रकुलप्रीत सिंह, वासु भगनानी और पैनोरमा स्टूडियोज के परिसरों की तलाशी ली थी।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक नोट पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने मीडिया द्वारा गलत अफवाहों को फैलाने पर अफसोस जताया। उन्होंने लिखा, 'यह देखकर बहुत दुख होता है कि आजकल कुछ खुद को रिपोर्टर कहने वाले लोग और कुछ बड़े मीडिया पत्रकार बिना सच्चाई जाने खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहे हैं। इसलिए, मैं एक बार फिर सब कुछ साफ कर देती हूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'अभी हाल ही में हमारे घर में जो तलाशी हुई है, उससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। इस बात हर कोई वाकिफ है कि मैं एक फौजी परिवार से ताल्लुक रखती हूं और इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं था। मैं अपनी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंची हूं और 20 साल की उम्र से एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपना पूरा टैक्स भी भरती आ रही हूं।' अभिनेत्री ने साफ किया कि उनका नाम किसी भी गैरकानूनी कामों से जुड़ा नहीं है। उन्होंने लिखा, 'मैं किसी भी तरह के गैरकानूनी विदेशी लेनदेन में शामिल नहीं हूं, न तो खुद के लिए और न ही किसी प्रोडक्शन हाउस के लिए। मैं यह भी साफ कर दूं कि मेरे नाम पर देश या विदेश में कहीं भी गैरकानूनी प्रॉपर्टी नहीं है। न ही कभी किसी ने मुझे प्रॉपर्टी गिफ्ट की और न ही मैं इस तरह से तोहफे स्वीकार करती हूं।' अभिनेत्री ने अफवाह फैलाने वाले मीडिया संस्थानों से अपील कि की वे इस तरह की खबरें न फैलाएं। उन्होंने लिखा, 'जिन्होंने मेरे खिलाफ मनगढ़ंत खबरें छापी हैं। मैं उनसे उस खबर को वापस लेने की अपील करती हूं, साथ ही सच्चाई बताने के लिए कहती हूं। मैं समझती हूं कि मीडिया पर भी अपना बिजनेस चलाने का दबाव होता है लेकिन यह दबाव सच्चाई की कीमत पर नहीं होना चाहिए और बिल्कुल भी किसी की इज्जत और रोजी-रोटी की कीमत पर तो नहीं होना चाहिए।'



# हनुमान अंश की सफलता पर ऋचा चड्ढा ने तोड़ी चुप्पी

'हनुमान अंश' को सिनेमाघरों में दो महीने होने वाले हैं। यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सफलता पर एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। बॉलीवुड की बेबाक और संजीदा अभिनेत्री ऋचा चड्ढा का मानना है साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है।

### 'हनुमान अंश' की सफलता पर ऋचा का बेबाक विश्लेषण

2026 को 'कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा' का लैंडमार्क साल कहे जाने पर असहमति जताते हुए ऋचा चड्ढा ने कहा, अगर बात सिर्फ 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह एक अलग मामला है। इसके अलावा इस साल और क्या चला है? हमारी तुलना हॉलीवुड से नहीं की जा सकती। पौराणिक और धार्मिक फिल्में भारतीय दर्शकों के बीच हमेशा से सुरक्षित और लोकप्रिय रही हैं। ये फिल्में तो लोग देखते ही हैं। इसलिए यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगा कि इंडस्ट्री में अचानक कुछ बहुत बेहतरीन होने लगा है। ऋचा का मानना है कि धार्मिक या पौराणिक विषयों पर बनी फिल्मों का एक स्थापित दर्शक वर्ग है, जो बिना किसी झिझक के थिएटर तक आता है। इसे पूरे सिनेमा उद्योग में आए वैचारिक या रचनात्मक बदलाव के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### राइटर्स को मिले बेहतर पैसे, तभी बदलेगा सिनेमा

भारतीय फिल्म उद्योग को वास्तव में कंटेंट-संचालित बनाने के उपाय पर बात करते हुए ऋचा ने सबसे अहम मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब तक पटकथा लेखकों को सही सम्मान और बेहतर पारिश्रमिक नहीं मिलेगा, तब तक बड़े बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है।

'हनुमान अंश' का 2 करोड़ के बजट से 423 करोड़ तक का ऐतिहासिक सफर विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी फिल्म 'हनुमान अंश' आध्यात्मिक गुरु नीम करोली बाबा के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित है। बेहद शांत शुरुआत करने वाली इस फिल्म को 'वर्ड ऑफ माउथ' का ऐसा जबरदस्त सहारा मिला कि यह 2026 की सबसे बड़ी सरप्राइज हिट बन गई।



# रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स तेलुगु' को होस्ट करते नजर आएंगे तेजा सज्जा

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता तेजा सज्जा अब एक बिल्कुल नए अंदाज में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही स्ट्रीमिंग रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स तेलुगु' को होस्ट करते नजर आएंगे। शो का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया, जिसमें तेजा सज्जा की होस्ट के तौर पर झलक देखने को मिली। शो में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े 20 सेलिब्रिटीज हिस्सा ले रहे हैं और इनके बीच भरोसे, झूठ, रणनीति और दिमागी खेल का मुकाबला देखने को मिलेगा। 'द ट्रेटर्स तेलुगु' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर फॉर्मेट का पहला तेलुगु एडिशन है। शो में चिन्मयी श्रीपदा, हर्ष वर्धन, प्रगति महावाड़ी, श्रीदेवी चौधरी, निखिल विजयेंद्र सिम्हा, विद्या रमन, विष्णु ओई, श्राव्या वर्मा, डॉ. मेघनाथ रेड्डी, मौनीषा चौधरी, स्वीकर अगस्ती, आशिका पादुकोण, वर्षा डी'सूजा, प्रणव उर्फ अभिनवकवि, एसएस वर्धन, राहत अचंता, गौरव सुनील, साई रोनक, पुप्पला धनंजय और फल्गुनी बांगेड़ा नजर आएंगे। शो का हिस्सा बनने और इसे होस्ट करने को लेकर तेजा सज्जा ने कहा, ''मेरे लिए यह बिल्कुल नया अनुभव है। मैं इस तरह के फॉर्मेट का हिस्सा बनने को लेकर काफी उत्साहित हूं, क्योंकि यह मेरे अब तक के काम से बिल्कुल अलग है। मुझे ऐसे फॉर्मेट वाले तेलुगु एडिशन का हिस्सा बनने का मौका पहली बार मिला है, जो दुनियाभर में काफी लोकप्रिय हो चुका है।''

तेजा ने कहा, ''तेलुगु एंटरटेनमेंट के लिए यह एक बड़ा मौका है। शो सिर्फ एक लोकप्रिय इंटरनेशनल फॉर्मेट को तेलुगु दर्शकों के सामने नहीं ला रहा, बल्कि इसे स्थानीय दर्शकों के हिसाब से अपनी अलग पहचान और अंदाज भी दिया गया है। बतौर होस्ट भी मेरे लिए यह खेल उतना ही अनप्रेडिक्टेबल है, जितना इसमें हिस्सा लेने वाले कंटेस्टेंट्स के लिए।''

तेजा ने आगे कहा, ''शो में कंटेस्टेंट्स के बीच झूठ, माइंड गेम्स, अचानक बनने वाले गठजोड़ और लगातार एक-दूसरे पर शक करने का सिलसिला देखने को मिलेगा। हर कदम पर गेम बदल सकता है और किसी भी कंटेस्टेंट को यह भरोसा नहीं रहेगा कि सामने वाला वास्तव में उसके साथ है या उसके खिलाफ। अब मुझे इस बात का इंतजार है कि दर्शक इसमें शामिल कंटेस्टेंट्स से जुड़ें और गेम के आगे बढ़ने के साथ खुद भी अंदाजा लगाते रहें कि आखिर कौन किसके साथ है।'' ''द ट्रेटर्स तेलुगु' जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है।

# शाहरुख की फिल्म में करीना की भी हुई एंट्री

अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का इंतजार फैंस को बेसब्री से है। मगर इस फिल्म का गाना 'डैडी कूल' और भी ज्यादा खास होने वाला है। खबर है कि इस गाने में बादशाह के साथ करीना कपूर भी दिखाई देगीं।

### 'डैडी कूल' में क्या है खास

शाहरुख खान और करीना कपूर खान आगामी एक्शन फिल्म 'किंग' के एक महत्वपूर्ण गाने में एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार करीना ने 'डैडी कूल' नामक इस गाने में विशेष भूमिका निभाने के लिए हामी भरी है, जिसकी शूटिंग इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका में एक भव्य तरीके से होगी।




### पहले भी साथ काम कर चुके शाहरुख-करीना

फिल्म 'किंग' का गाना डैडी कूल ऐसा पहला प्रोजेक्ट नहीं है, जिसके लिए शाहरुख और करीना साथ काम कर रहे हों। इससे पहले करीना और शाहरुख 'अशोका', 'कभी खुशी कभी गम' और 'रा.वन' जैसी बड़ी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा करीना शाहरुख की कई फिल्मों में कैमियो या स्पेशल गाना भी कर चुकी हैं। कविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक 'डैडी कूल' को इस एक्शन फिल्म के मुख्य गानों में से एक के रूप में प्रस्तुत किया जाना है। प्रोडक्शन शेड्यूल के अनुसार, करीना को दक्षिण अफ्रीका में शाहरुख के साथ अपने हिस्से की शूटिंग के लिए लगभग पांच दिन दिए गए हैं। क्रॉस-कल्चरल देखने को मिलेगा रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दो बॉलीवुड सितारों को एक साथ लाने के अलावा, इस सीक्वेंस में एक बड़ा क्रॉस-कल्चरल सहयोग भी देखने को मिलेगा। इस गाने में एक भारतीय कलाकार एक अंतरराष्ट्रीय कलाकार के साथ नजर आएंगे।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।